26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 16 अप्रैल, 2026

अंक- 171 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## अमेरिका ने 10 जहाजों को लौटाया

अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 10 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।

# कांग्रेस बोली-लोकसभा में 850 सीटें हों ये कैसे तय किया?

## मुस्लिम महिलाओं को भी आरक्षण मिले- अखिलेश

### 3 बिलों पर कल वोटिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े 3 बिलों पर लोकसभा में चर्चा जारी है। विपक्ष ने इन बिलों का विरोध किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार 90 प्रतिशत बातें दोहरा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि लोकसभा में 850 सीटें हों सरकार ने ये कैसे तय किया। सपा सांसद अखिलेश यादव ने मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की बात कही। इस पर अमित शाह ने जवाब दिया कि यह असंवैधानिक है। समाजवादी पार्टी पूरी टिकटें मुस्लिम महिलाओं को दे दे, हमें कहां आपत्ति है। बिलों पर चर्चा के लिए आज व 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है। कल शाम 4 बजे वोटिंग की जाएगी। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है। मौजूदा संख्या 543 है। राज्यों में 815 और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 तक सीटें होंगी। सीटों की सटीक संख्या तय करने के लिए परिसीमन भी किया जाएगा। 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने परिसीमन को लेकर दक्षिण भारत में लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मैं दक्षिण से, कर्नाटक से आता हूं। पिछले तीन दिनों में हमने दक्षिण भारत में विपक्ष का अत्यंत अराजक तरीके से व्यवस्थित रूप से भ्रामक प्रचार देखा है।

## गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग

गाजियाबाद के कनवानी गांव में झुग्गियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने 500 से ज्यादा झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान झुग्गियों में रखे सिलिंडर एक-एक कर कर फटने लगे। धमाकों से इलाके के लोग दहल उठे। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में आज दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जलकर राख हो गईं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है

471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

तुरंत आवश्यकता युवक-युवतियों की

जिले का पहला एवं एकमात्र

Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल


डॉ. मनु अग्रवाल

M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore) FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर

मो. 9829211842, 8218989411

# बिजनौर में Stylox शोरूम का भव्य शुभारंभ

**बिजनौर (चिंगारी)।** सिविल लाइंस में श्रीराम अस्पताल के सामने स्थित वर्षों पुराना प्रतिष्ठान श्रीबालाजी कैन्फैक्सनर्स के स्वामी आशीष अग्रवाल व वैभव अग्रवाल के दूसरे नवनिर्मित प्रतिष्ठान के शोरूम Stylox का भव्य शुभारंभ किया गया।

बुधवार को आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु जी श्री सूरज रस्तौगी (बालाजी दरबार शिवपुरी मुरादाबाद) द्वारा मंत्रोच्चारण व जयकारों के मध्य फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर अपनी शुभकामनायें दी व शोरूम की साज-सज्जा व उपलब्ध वैरायटियों की प्रशंसा करते हुए इसे फैशन के शौकीनों के लिये नया ठिकाना बताया। Stylox कम्पनी के ASM अफरोज ने बताया कि हम अपने ब्रांड का देशभर में विशेषत: छोटे नगरों में तेजी से विस्तार कर रहे हैं। हमारे ब्रांड में स्टाइल और कम्फर्ट का अनुठा संगम देखने को मिलेगा।




### नवीनतम ट्रेंडी कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध

शोरूम स्वामी आशीष और वैभव ने बताया कि पुरुषों के लिये नवीनतम ट्रेंडी कपड़ें जैसे जीन्स, शर्ट, टी-शर्ट व ट्राउजर आदि की विशाल व आकर्षक रेंज उच्च गुणवत्ता के साथ विभिन्न आकर्षक रंगों व डिजाइन में 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ उपलब्ध है। इस अवसर पर श्रीमती पूनम गोयल, दीपक गोयल, दीपिका अग्रवाल, अजय जैन, अर्चित गोयल, राकेश अग्रवाल (राधे-राधे प्रोपट्रीज) पर्व, अक्षत स्टोर मैनेजर, हितेश चौधरी व रोहित कुमार, मनोज गुप्ता तथा वाडीलाल आइसक्रीम के जीएम अरविंद शर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इससे पूर्व परिजनों द्वारा यज्ञ-हवन कर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। आशीष अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, रूद्राक्ष अग्रवाल, अविरल अग्रवाल आदि परिजनों ने अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।



## अब सूची में नाम आने पर मिलेगा रसोई गैस सिलेंडर

### एसडीएम ने गैस एजेंसी स्वामियों को बैठक में दिये निर्देश



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में पिछले काफी दिनों से चल रही रसोई गैस की समस्या को देखते हुए स्थानीय प्रशासन की ओर से एसडीएम कार्यालय में गैस एजेंसी संचालकों एवं स्वामियों की बैठक के बाद नई व्यवस्था लागू की गई है। बैठक में तय किया गया कि अब केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को एजेंसी व गोदाम से गैस सिलेंडर दिया जाएगा, जिनकी बुकिंग पहले से दर्ज है तथा जिनका नाम एजेंसी द्वारा जारी सूची में शामिल होगा। प्रत्येक गैस एजेंसी संचालक को निर्देश दिया गया है कि वह उपभोक्ताओं की सूची अपने गेट के बाहर चस्पा करे, ताकि लोग पहले ही अपना नाम जांच सकें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं का नाम सूची में नहीं होगा, उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। साथ ही अन्य लोगों से अपील की गई है कि वह बिना कारण एजेंसी व गोदाम के बाहर भीड़ न लगाएं तथा केवल सूची में नाम होने पर ही सिलेंडर लेने पहुंचें। एसडीएम की मौजूदगी में हुई इस बैठक में यह भी कहा गया कि व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा अव्यवस्था से बचने के लिए सभी एजेंसियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। उल्लेखनीय है कि नजीबाबाद में पिछले कुछ समय से खासकर इण्डेन रसोई गैस की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में ना होने के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इण्डेन गैस के करीब 40 हजार उपभोक्ताओं के लिए पहले दो गाड़ी रिफिल की आ रही थी, अब इसे घटाकर कम्पनी केवल एक गाड़ी भेज रही है, जिसमें केवल 300 सिलेंडर भरे हुए आते है, जबकि गैस लेने के लिए रोज करीब एक हजार लोग लाइन में रहते है। इण्डेन गैस का सिलेंडर लेने के लिए नजीबाबाद के हरिद्वार रोड स्थित गोदाम पर रात-दिन लम्बी लाइन लगी रहती है। सभी ग्राहकों को रिफिल नहीं मिल पाता है। जिसके चलते प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा। यह भी निर्देश दिये गये है कि 290 उपभोक्ता को ही गैस सिलेंडर दिये जाएंगे 10 सिलेंडर रिजर्व में रखे जाएंगे, जिससे आपातकाल में निपटा जा सके। बैठक में पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, इण्डेन गैस एजेंसी संचालक रोहितराज, भारत गैस एजेंसी संचालक गुरुपाल सिंह, ब्रजराज सिंह एड. आदि मौजूद रहे।

## 'नारी वंदन नारी अभिनंदन' ये केवल शब्द नहीं, एक युग परिवर्तन की घोषणा है: डॉ. राखी

### महिला बिल पर देश के पीएम मोदी का आभार जताया



नजीबाबाद (चिंगारी)। सखी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष एवं पूजा अस्पताल की डॉक्टर राखी आनंद अग्रवाल ने महिला आरक्षण बिल लागू करने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा है कि आज मैं केवल एक नागरिक के रूप में नहीं, बल्कि इस देश की हर उस नारी की आवाज बनकर आपके सामने खड़ी हूँ जिसने वर्षों तक प्रतीक्षा की, संघर्ष किया, और आज 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में अपने सम्मान का सूर्योदय देखा है। 'नारी वंदन नारी अभिनंदन' ये केवल शब्द नहीं, एक युग परिवर्तन की घोषणा है। सदियों से जिस प्रतिनिधित्व की कमी महसूस होती रही, आपने उसे केवल समझा ही नहीं बल्कि उसे संसद के पटल पर साकार कर दिया। आपने यह सिद्ध कर दिया कि जब नेतृत्व संकल्प लेता है, तो इतिहास बदलता है। यह बिल केवल आरक्षण नहीं है, यह हर उस बेटी का आत्मविश्वास है, जो अब सपने देखने से नहीं डरेगी, हर उस माँ का सम्मान है, जिसने अपने सपनों को परिवार के लिए त्याग दिया, और हर उस महिला की जीत है, जिसने समाज की सीमाओं को चुनौती दी। 'जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहीं राष्ट्र महान होता है'। आज भारत उस दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ा चुका है। मोदी जी, आपने नारी को केवल 'वोटर' नहीं, बल्कि 'विचार' और 'विकास की धुरी' माना है। उज्ज्वला से लेकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तक, और अब यह ऐतिहासिक निर्णय उनके हर प्रयास में नारी सशक्तिकरण की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। आज हर भारतीय नारी की ओर से डॉ. राखी कहना चाहती है कि 'आपने हमें स्थान नहीं दिया, आपने हमें पहचान दी है।' इसके लिए हम हृदय से आपका आभार व्यक्त करते हैं। आइए, इस संकल्प के साथ आगे बढ़ें कि यह केवल कानून न रहे, बल्कि एक क्रांति बने, एक ऐसा भारत बने, जहाँ हर नारी अपने अधिकार, अपने स्वाभिमान और अपने सपनों के साथ निर्भीक होकर जी सके। उन्होंने कहा कि नारी वंदन-नारी अभिनंदन यही है नए भारत का स्वर्णिम उद्घोष।

## बाबा साहब ने दलितों, शोषितों व वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा: वीरेंद्र

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने नगर के मोहल्ला जाब्तागंज स्थित यादव धर्मशाला में अम्बेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर फूल-माला चढ़ाकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली ने संविधान निर्माता बाबा साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेंद्र यादव ने कहा कि बाबा साहब ने दलितों, शोषितों, वंचितों को संविधान रूपी कवच से शिक्षा समानता आदि अधिकार देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर देवेश यादव, समर यादव, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, राजीव यादव, कुलदीप यादव, प्रदीप गुप्ता, नवेद अहमद आदि उपस्थित रहे। साथ ही सपा नेता वीरेंद्र यादव ने ग्राम परमावाला में बाबा साहब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पक्ष में निकाली रैली




**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में इंदिरा बाल भवन से एक पदयात्रा आयोजित की गई। इस पदयात्रा ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी संदेश दिया। पदयात्रा का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके अधिकारों के प्रति चेतना जगाना रहा। इंदिरा बाल भवन से शुरू हुई पदयात्रा जजी चौक, शक्ति चौक, सिविल लाइन, डाकखाना चौराहा होते हुए डाक बंगले पर समाप्त हुई। इस दौरान वक्ताओं द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं-जैसे उज्ज्वला, मुद्रा योजना और महिला आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, आकांक्षा चौहान, डॉ. मंजू सिंह, मनोरमा देवी, माया पाल, पूर्व प्रधान संजू सिंह, नेहा शर्मा, कृतिका राठी, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद राठी, मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अजीम जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।
**-जायदा पत्नी मो. आजम निवासी मोहल्ला नौधना हाल निवासी तैयब सराय कस्बा व थाना शेरकोट जिला बिजनौर**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## तीन साल के बच्चे के साथ कुकर्म किया

**किरतपुर( चिंगारी )।** दुकान पर सामान लेने गए 3 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। हलका दारोगा अर्जुन तोमर ने बताया कि पास के गांव में गजराज की किराने की दुकान है। कल शाम दुकान पर गजराज का लड़का लकी (20 वर्ष) बैठा था तभी पास के घर का 3 वर्षीय बालक सामान लेने आ गया। लकी बालक को अंदर ले गया और कुकर्म किया। बच्चे को बाद में सड़क पर छोड़ दिया, तभी ढूंढते हुए परिवार वाले घटना का पता चलने पर थाने पहुंचे और लकी के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने लकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## डीजल भट्टी पर बना रहे मिठाई

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बढ़ती गैस कीमतों व कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से मिठाई कारोबार प्रभावित हो रहा है। कारोबार को जारी रखने के लिए दुकानदार अब डीजल भट्टी का सहारा ले रहे हैं। नगर के मोहल्ला किला निवासी सौरव रुहेला ने बताया कि सिलेंडर न मिलने से उनका काम बंद होने की कगार पर पहुंच गया था। इसके बाद उन्होंने मेरठ से डीजल भट्टी मंगाकर काम शुरू किया, जिससे कारोबार दोबारा पटरी पर आ रहा है। उन्होंने बताया कि डीजल भट्टी में प्रति घंटे करीब आधा लीटर डीजल की खपत होती है, जिससे कम खर्च में काम सुचारू रूप से चल रहा है।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

| CASH DISCOUNT OFFER | | |
|---|---|---|
| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## अनुसरण भी तो कीजिए!

पता नहीं आपने नोटिस किया या नहीं, कि इस बार बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती गत वर्षों की अपेक्षा ज्यादा जोर-शोर से मनायी गई। खूब कार्यक्रम हुए, जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गईं, अखाड़े खेले गये, प्रतिमाओं पर फूल चढ़ाये गये, मोमबत्तियां जलायी गईं, बाबा साहेब की शान में कसीदे पढ़े गये, उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया गया, शिक्षित बनो-संगठित रहो-संघर्ष करो का मंत्र जपा गया। लेकिन कितने लोग हैं, जो बाबा साहेब या किसी भी महापुरुष के पदचिन्हों का अनुसरण करते हैं? बाबा साहेब ने अपने जीवन में जो संघर्ष किया, क्या आज कोई नेता है, जो वैसा जीवन जीने की कल्पना भी करता है? अपमान का कितना घूंट पीया था बाबा साहेब ने, क्या आज किसी नेता में इतनी सहनशक्ति है? बाबा साहेब ने उस दौर में संघर्ष किया, जब दलित होना पाप समझा जाता था (आज भी स्थिति कुछ हद तक वैसी ही है), मगर उस समय कोई आवाज़ उठाने वाला भी नहीं था। बाबा साहेब और उन जैसे कुछ अन्य महापुरुषों को दबे-कुचले लोगों के लिये आवाज़ उठाने पर अपमान और तिरस्कार झेलना पड़ा। लेकिन आज जबकि काफी जागरूकता है, फिर भी बाबा साहेब जैसा जज्बा कितनों में है? कोई बोलता भी है तो राजनीति के लिये। इस बार अंबेडकर जयंती का जो जोर-शोर रहा, उसका सबसे बड़ा कारण 2027 का विधानसभा चुनाव ही तो है। वर्ना क्या वजह है, कि वे नेता भी बाबा साहेब अमर रहें का नारा लगाते और उनकी प्रतिमा पर फूल चढ़ाते दिखे, जो दलित की लकड़ी से भी नहीं छूना चाहते। जिनके खिलाफ दलित उत्पीड़न के मुकदमे दर्ज हैं, वे भी दलितों का स्वागत-सत्कार और बाबा साहेब की जय-जयकार करते हुए रील बनवा रहे थे। दरअसल, हमारे देश में महापुरुषों का नाम लेकर नेताओं ने पद तो हासिल किये, लेकिन उनके पदचिन्हों पर चलने का सिर्फ स्वांग किया। बाबा साहेब ने अपना सारा जीवन दलितों, शोषितों, पीड़ितों का जीवन बदलने, उन्हें इंसान होने का हक दिलाने और दबे-कुचले लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के लिये संघर्ष करते हुए बिताया और देश को एक ऐसा संविधान सौंपा, जिसमें समानता का अधिकार दिया गया। आज हमारे नेता उस संविधान की शपथ लेकर पद तो प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन संवैधानिक मर्यादाओं को तार-तार करते नजर आते हैं। बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि हम उनके बनाये संविधान के अनुसार चलें तथा अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करें।

# विकास ज़रूरी, लेकिन अपनी जड़ों से जुड़े रहना और ज़्यादा ज़रूरी

**बिजनौर की पहचान सिर्फ उसकी जमीन से नहीं, बल्कि उसकी नदियों, बागों और संस्कृति से भी है। यहां की गंगा और उसकी सहायक नदियां सिर्फ पानी का स्त्रोत नहीं, बल्कि जीवन की धारा हैं। वे हमारी आस्था, हमारी परंपराओं और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हैं। लेकिन जब एक्सप्रेस-वे जैसे बड़े प्रोजेक्ट आते हैं, तो इन प्राकृतिक संसाधनों पर भी खतरा मंडराने लगता है। जल स्त्रोतों का संतुलन बिगड़ता है, प्रदूषण बढ़ता है, और धीरे-धीरे वह पवित्रता भी खत्म होने लगती है, जो इन नदियों की आत्मा थी।**



राहुल 'नील'

**दृष्टिकोण**

बिजनौर की मिट्टी में एक अजीब-सी गंध है-गीली, जीवंत, और स्मृतियों से भरी हुई। यह सिर्फ मिट्टी नहीं, पीढ़ियों की सांसों, पसीने और सपनों का संगम है। यहां की हवाओं में खेतों की हरियाली झूमती है, आम के बागों की मिठास घुली होती है और नदियों का कलकल स्वर जैसे किसी प्राचीन गीत की तरह मन को बांध लेता है। लेकिन आज, इसी धरती पर एक नई हलचल है-गंगा एक्सप्रेस-वे का शोर। लोग उत्साहित हैं, आंखों में चमक है, जैसे कोई बड़ा खजाना मिलने वाला हो, पर इस चमक के पीछे एक सन्नाटा भी है, जिसे शायद कोई सुनना ही नहीं चाहता।

गांवों में चर्चा है- जमीन के दाम बढ़ेंगे, मुआवजा मिलेगा, शहरों जैसी सुविधाएं आएंगी। कुछ लोग कह रहे हैं कि अब किस्मत बदल जाएगी। यह उत्साह स्वाभाविक भी है, ग़रीबी और अभाव से जूझते लोगों के लिए अचानक मिला धन किसी वरदान से कम नहीं लगता। लेकिन क्या सचमुच यह सिर्फ वरदान है? या इसके साथ कोई अनदेखा अभिशाप भी जुड़ा है?



जब एक किसान अपनी जमीन बेचता है, तो वह सिर्फ एक टुकड़ा जमीन नहीं खोता, वह अपने अस्तित्व का एक हिस्सा खो देता है। वह खेत, जहां उसने अपने पिता के साथ पहली बार हल चलाया था, जहां उसकी मां ने धूप में खड़े होकर फसल काटी थी, जहां बच्चों ने मिट्टी में खेलते हुए बचपन बिताया-वह सब कुछ अचानक किसी कागज के सौदे में समा जाता है। क्या उस मुआवजे की रकम में उन यादों की कीमत शामिल होती है? क्या वह पैसा उन रिश्तों को वापस ला सकता है, जो उस जमीन से जुड़े थे?

और जंगल-वे जंगल जो कभी गांव की सांस थे। जहां से ईंधन मिलता था, जहां पशु चरते थे, जहां बच्चे पेड़ों पर चढ़ना सीखते थे। वे जंगल अब सिर्फ नक्शों में रह जाएंगे। उनकी जगह कंक्रीट की सड़कें होंगी, तेज रफ्तार गाड़ियां होंगी। लेकिन क्या कोई यह सोच रहा है कि जब पेड़ कटेंगे, तो सिर्फ लकड़ी ही नहीं गिरेगी-एक पूरा पर्यावरण तंत्र बिखर जाएगा? पक्षियों के घोंसले उजड़ेंगे, जानवरों का आश्रय खत्म होगा, और हवा की वह ताजगी जो जीवन देती थी, धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी।

विकास का यह मॉडल हमें क्या दे रहा है? सड़कें, गाड़ियां, और कुछ समय के लिए जेब में भरा पैसा। लेकिन इसके बदले हम क्या खो रहे हैं? अपनी पहचान, अपनी जड़ें और वह संतुलन जो हमें प्रकृति के साथ जोड़ता था। यह सिर्फ आर्थिक बदलाव नहीं है, यह एक सांस्कृतिक और सामाजिक बदलाव भी है, जो धीरे-धीरे हमारी आत्मा को खोखला कर रहा है।

गांवों में पहले एक सामूहिकता थी-एक साथ जीने का भाव। खेतों में काम करते हुए लोग एक-दूसरे का सहारा बनते थे, त्यौहारों में मिलकर खुशियां मनाते थे, लेकिन जब जमीन बिकती है और पैसा आता है, तो रिश्तों में भी दरारें आने लगती हैं। लालच और प्रतिस्पर्धा धीरे-धीरे उस अपनत्व को खत्म कर देती है। भाई-भाई से अलग हो जाता है, पड़ोसी पड़ोसी से दूर हो जाता है। क्या यह वही विकास है, जिसकी हमें जरूरत थी? यह सवाल उठता है कि क्या विकास का कोई ऐसा रास्ता नहीं हो सकता, जो हमारी जड़ों को बचाए रखते हुए हमें आगे बढ़ने का अवसर दे? क्या हम ऐसे मॉडल की कल्पना नहीं कर सकते, जहां सड़कें भी बनें और जंगल भी बचें, जहां रोजगार भी मिले और खेती भी जीवित रहे? या हम इतने जल्दबाज हो गए हैं कि हमें सिर्फ तात्कालिक लाभ ही दिखाई देता है?

आज जरूरत है रुककर सोचने की। यह समझने की कि विकास सिर्फ भौतिक सुविधाओं का नाम नहीं है, बल्कि वह एक संतुलन है- प्रकृति, समाज और अर्थव्यवस्था के बीच। अगर इस संतुलन को हम खो देते हैं, तो चाहे हमारे पास कितना भी पैसा क्यों न हो, हम भीतर से गरीब ही रहेंगे।

बिजनौर के लोगों को यह समझना होगा कि उनकी जमीन सिर्फ एक संपत्ति नहीं, बल्कि एक धरोहर है-उनके पूर्वजों की विरासत। इसे संभालकर रखना, इसका सम्मान करना और इसके साथ न्याय करना उनकी जिम्मेदारी है। विकास जरूरी है, लेकिन ऐसा विकास जो हमें हमारी जड़ों से काट दे, वह अंतत: विनाश का ही रूप है।

शायद अभी भी समय है। शायद अभी भी हम उस सन्नाटे को सुन सकते हैं, जो इस शोर के पीछे छिपा है। शायद हम उस दर्द को महसूस कर सकते हैं, जो जमीन, जंगल और नदियां झेल रही हैं। और शायद हम एक ऐसा रास्ता चुन सकते हैं, जो हमें सिर्फ आगे ही नहीं, बल्कि सही दिशा में भी ले जाए।

क्योंकि अगर हम अपनी मिट्टी से ही कट गए, तो फिर हम बचेंगे ही क्या?

# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ग्राम हैजरपुर



**चांदपुर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हैजरपुर पहुंचकर मृतक प्रशांत सैनी के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त कर हर संभव सहयोग करने तथा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल एटा से सपा सांसद देवेश शाक्य ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। निर्दोष युवकों की हत्याएं हो रही हैं, लेकिन सरकार केवल कागजों पर कार्रवाई दिखाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबंगों को खुली छूट मिली हुई है, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल बन गया है। पीड़ित परिवार ने प्रतिनिधिमंडल के सामने अपने दुख साझा करते हुए मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद, एक

## मृतक प्रशांत के परिजनों से की मुलाकात

सरकारी आवास और परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने तथा साथ ही दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिये जाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में सांसद देवेश शाक्य, निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, विधायक स्वामी ओउमवेश, मनोज कुमार पारस, रामअवतार सिंह सैनी, तसलीम अहमद, प्रदेश सचिव जयपाल सिंह सैनी, डॉ. लाखन सिंह पाल, श्यामलाल 'बच्ची सैनी', डॉ. कुन्तेश सैनी और चौधरी संसार सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि वे इस मामले की निरंतर निगरानी करेंगे और प्रदेश स्तर पर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ असलम, सपा नगर अध्यक्ष नाजिम खान, शेख रईस अहमद, मौ. यूनुस ताऊ, मोमिन ख़ां आदि भी मौजूद रहे।

# रेडियो संदेश 89.6 और स्मार्ट एनजीओ के बीच हुआ तीसरे चरण का एमओयू




**बिजनौर (चिंगारी)।** सामुदायिक रेडियो स्टेशन, रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 (स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) और स्मार्ट एनजीओ ने स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए अपने अनुबंध के तीसरे चरण पर मुहर लगा दी है। इस नये समझौते के तहत अब स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता अभियानों का विस्तार जनपद के कई नये ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। तीसरे चरण के इस एग्रीमेंट के तहत स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों और जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष रूप से ग्राम खारी, खेड़की,काशीराम कालोनी बैराज रोड, बुखारा, कासमपुर खोला (बीआईटी), तिवड़ी, सदुपुरा, धर्मपुरा, धनुवाला (मंडावर रोड) आदि गांवों को शामिल किया गया है। रेडियो संदेश के प्रसिद्ध कार्यक्रम सेहत सही लाभ कई के माध्यम से इन चिन्हित गांवों में टीबी जैसे गंभीर रोगों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सुनील भारद्वाज, डॉ. अजय कुमार, ललित राठी, शबाना बेग, डॉ. शबनम कुरैशी, सारिका चौधरी, मनोज यादव, श्यामल मंडल, संग्राम सिंह आदि उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# दिव्यांग दम्पतियों को मिलेगा विवाह प्रोत्साहन

## ऑनलाइन आवेदन शुरू

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि गत वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2026 से लेकर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान जिन दिव्यांगजनों का विवाह हुआ है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति विभाग की वेबसाइट http:// divyang-jan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदन की हार्ड कॉपी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, बिजनौर में जमा करनी होगी। उन्होंने बताया कि योजना के लिए पात्रता के तहत वर का जनपद बिजनौर का निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के साथ दम्पत्ति का संयुक्त पासपोर्ट साइज फोटो, विवाह प्रमाण-पत्र, तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र (दम्पति आयकरदाता न हो), मूल निवास प्रमाण-पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र या यूडीआईडी कार्ड (कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांगता) अनिवार्य है। इसके अलावा राष्ट्रीयकृत बैंक या डाकघर में संचालित संयुक्त खाते की पासबुक की प्रति, वर-वधू के आधार कार्ड की छायाप्रति भी संलग्न करनी होगी। आयु सीमा के अनुसार विवाह के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण-पत्र भी देना होगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, बिजनौर में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं।

# गुलाब सिंह कॉलेज में हुआ भव्य नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम




**चांदपुर (चिंगारी)।** गुलाब सिंह हिंदू (पीजी) कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर से लेकर मुख्य मार्ग तक एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई, जिसमें सैकड़ों छात्राओं ने एक-दूसरे का हाथ थामकर एकजुटता प्रदर्शित की और नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखना चाहिए। कार्यक्रम के अगले चरण में एक पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा महाविद्यालय से शुरू होकर नगर के चौधरी चरण सिंह चौक, रोडवेज बस अड्डा तथा रेलवे स्टेशन होती हुई वापस महाविद्यालय आकर समाप्त हुई। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा चौधरी चरण सिंह चौक में एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से हाल ही में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व को दर्शाया गया। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि वे महिला अधिकारों और समाज में उनकी समान भागीदारी के पक्षधर हैं। कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. संतोष देवी, डॉ. उदिता राजपूत, मौ. सलीम, मौ. सुलेमान तथा अन्य शिक्षकगणों का भी सराहनीय योगदान रहा।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

**किरतपुर (चिंगारी)।** कल किरतपुर नगर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप के द्वारा स्टेशन



चौराहा किरतपुर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती रजनी कालरा जिला उपाध्यक्षा भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती मोनिका कालरा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती बीना राणा नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी, गौरव पाराशर मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉ. नरेंद्र सिंह, प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान बहादुरपुर नवनीत राजपूत, आलोक अग्रवाल, विपुल चौहान, डॉ. छत्रपाल सिंह, दीपक कुमार, हुकम सिंह, ऋतिक त्यागी आदि कार्यक्रम में रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिष्ठान के संस्थापक प्रदीप चौधरी ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# श्रीराम कॉलेज और अस्पताल में मनाई गई अम्बेडकर जयंती



**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय श्री राम ग्रुप आफ कॉलेज और अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन करके भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके आदर्शों एवं विचारों को अपनाने का संकल्प लिया गया। संस्थान के प्रबंधक डॉ. एनपी सिंह एवं डॉ. शिखा सिंह ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक समरसता एवं शिक्षा के प्रति योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं।

कॉलेज की प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समर्पण का उदाहरण है, जिससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. रविंद्र सिंह, चंचल सैनी, श्रीमती तनु चौहान, सलोनी चौहान, अंकुर, इकरा, शैली एवं सचिन ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# आरएसएम के छात्र पवन कुमार ने लखनऊ में बढ़ाया कालेज का मान




**धामपुर (चिंगारी)।** आर.एस.एम. महाविद्यालय के होनहार छात्र पवन कुमार ने MY Bharat Budget Quest 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पवन कुमार ने प्रतियोगिता के प्रथम चरण (क्विज) एवं द्वितीय चरण (निबंध) को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। उनकी कड़ी मेहनत और लगन के परिणामस्वरूप उन्हें अंतिम चरण में प्रधानमंत्री जी के साथ राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया, जहां देशभर के प्रतिभाशाली युवाओं को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिला। पवन कुमार की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की बड़ी उपलब्धि है, बल्कि आर.एस.एम. महाविद्यालय, धामपुर के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है। इस अवसर पर पवन कुमार ने MY Bharat Portal का आभार व्यक्त करते हुए अपने सभी गुरुजनों एवं शिक्षकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पुष्प निकेतन की छात्रा वार्ता सिंह 97.2 प्रतिशत अंक पाकर आई फर्स्ट




**धामपुर (चिंगारी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में पुष्प निकेतन स्कूल, धामपुर ने एक बार फिर उत्कृष्टता की मिसाल पेश करते हुए शत-प्रतिशत सफलता अर्जित की है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्था की गौरवशाली परंपरा को सुदृढ़ किया है।

विद्यालय की छात्रा वार्ता सिंह ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि युगल चौहान, हर्ष गोयल एवं वंश प्रताप ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्षिता अग्रवाल और कनिष्का चौहान ने 95.8प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की सतत मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

# साक्षरता शिविर लगाया, वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों से अवगत कराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम ठाठ-जट में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माह अप्रैल 2026 के एक्शन प्लान द्वारा निर्देशित वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पी.एल.वी. जयवीर सिंह ने बताया कि स्व- अर्जित सम्पत्ति पर सीनियर सिटिजन का पूर्ण अधिकार होता हैं वे उसे बेच सकते है या किसी को गिफ्ट कर सकतें है या किसी एक संतान को दे सकते है। दाद-इलाही समाप्ति में यह अधिकार नही है। यदि माता- पिता को बहू- बेटे द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, तो वे भरण-पोषण की मांग कर सकते है। यदि किसी व्यक्ति को इस शर्त पर सम्पत्ति दे दी हो कि वह उनकी सेवा व देखभाल करेगा, यदि वह ऐसा नही करता तो वे उससे अपनी सम्पत्ति वापिस ले सकते है। यदि संतान उनकी देखभाल व सेवा नही करती तो उन्हे बे-दखल कर सकते है। उन्होंने बताया कि वृद्धा पेंशन व 70+ आयु होने पर आयुष्मान कार्ड के हकदार है। शिविर में पी.एल.वी. राजीव कुमार अभिषेक कुमार, नितिन, अक्षय सिह, जागें, जयसिंह योगेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बाबा खाटू श्याम का दरबार सजाया पूजा-अर्चना की, भण्डारा भी कराया



दरबार में उपस्थित श्रद्धालु।

**धामपुर (चिंगारी)।** दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर पर आयोजित किए गए श्याम बाबा के 146 वें विशाल दरबार में श्रद्धालु परिवारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ महाराज के संरक्षण में आयोजित भव्य दरबार का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया जिसके मुख्य यजमान नगर के समाजसेवी रवि कुमार वर्मा उनकी धर्मपत्नी पूजा वर्मा, हिमांशु वर्मा एवं सुरभि वर्मा, कायरा वर्मा, मयंक वर्मा आदि रहे।

पूजन कार्यक्रम पंडित सुमित वशिष्ठ व पंडित अमित वशिष्ठ ने मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया। दरबार में महिलाओं ने भजनों के सामूहिक उच्चारण से मंदिर परिसर को श्याम मय बना दिया। दरबार का समापन सामूहिक श्याम वंदना एवं विशाल भंडारे के साथ किया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि खाटू श्याम का दरबार श्रद्धालुओं की मनोकामना को पूरा करके उनके घर परिवार में सुख, शांति और समृद्धि को प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि आगामी 18 तथा 28 अप्रैल को भी मंदिर पर बाबा खाटू श्याम का दरबार सजाया जाएगा।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम रहा शत्-प्रतिशत

**धामपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड ने सत्र 2025-26 के कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम को कल घोषित कर दिया। परीक्षा परिणाम की घोषणा होने के बाद प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावको और शिक्षकों की चहल कदमी बढ़ गई। प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि लगभग 60 विद्यार्थियों ने हाई स्कूल में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हालांकि इस सत्र में सीबीएसई की परीक्षा प्रणाली में बदलाव के मद्देनजर यह अंतिम परिणाम नहीं है क्योंकि कई छात्र परीक्षा परिणाम घोषणा से पूर्व ही कक्षा 10 में दूसरी परीक्षा हेतु आवेदन कर चुके हैं इसलिए दूसरी परीक्षा के बाद ही परिणाम का वास्तविक स्वरूप स्पष्ट होगा। उन्होंने बताया कि अभिभावकों के अनुरोध पर विद्यालय प्रशासन ने मेधावी उत्तीर्ण छात्रों के नाम व अंकों की घोषणा अंतिम परीक्षा परिणाम आने के बाद ही घोषित करने का निर्णय लिया है।

# गेहूं खरीद न होने से नाराज भाकियू ने तौल सेंटर पर काटा हंगामा

**जसपुर ( चिंगारी )।** क्रय केंद्र लगने के बावजूद भी गेहूं खरीद न होने से नाराज भाकियू ने खाद्य विभाग के सेंटरों पर हंगामा काटा तथा सेंटर पर लगे बैनर और पोस्टर फाड़कर जला दिये। किसानों ने एसएमओ कार्यालय में भी ताला लगा दिया। इससे दफ्तर में अफरा तफरी मची रही।

जसपुर में खाद्य विभाग के दो और यूसीएफ के तीन गेहूं क्रय केंद्र लगे हैं। इन पांचों सेंटरों पर अभी तक 5600 कुंतल लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 1772 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है। पिछले शुक्रवार से केंद्रों की लिमिट न बढ़ने से खरीद नहीं हो सकी। जिससे स्थानीय किसान गेहूं को लेकर परेशान है। गेहूं खरीद को लेकर भाकियू ने लिमिट बढ़वाने एवं गेहूं तौल के लिए आरएफसी दफ्तर पर धरना प्रदर्शन किया था। बावजूद इसके गेहूं खरीद शुरू नहीं हो सकी। बुधवार को नाराज भाकियू एवं किसान तौल कांटों पर पहुंचे तथा सरकार द्वारा सेंटरों पर लगाई गई फ्लेक्सी, बैनर को उतार कर मंडी गेट पर जला दिये। साथ ही एसएमओ कार्यालय पर ताला जड़ दिया। भाकियू उपाध्यक्ष प्रेम सहोता, युवा ब्लाक अध्यक्ष अमनप्रीत ने बताया कि सरकार की अमेरिका ट्रेड डील हो गई है। ये उसी का दुष्परिणाम है। सरकार भारत के किसानों का गेहूं न खरीद कर अमेरिका से गेहूं खरीदना चाह रही है। पक्ष और विपक्ष दोनों ही किसानों के मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं। बताया कि किसानों का 50 प्रतिशत गेहूं औने पौने दाम में बिक चुका है। चेताया कि यहीं हालात बने रहे तो पूरे जिले में किसान भाजपा नेता की एंट्री नहीं होने देंगे।

उन्होंने सरकार से गेहूं खरीद की मांग की। यहां प्रेम सहोता, अमनप्रीत सिंह, चौधरी किशन सिंह, शीतल सिंह, दीदार सिंह, संदीप सिंह, सुखदेव सिंह, देवेंद्र चौहान, तारा सिंह, हरदीप सिंह, सुबा सिंह, करतार सिंह, सुखबीर सिंह, राजेश चौहान, अनिलांश त्यागी, राजकुमार सैनी आदि रहे।

# बिजनौर तहसील में विकसित होगा औद्योगिक गलियारा


**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले में अब औद्योगिक विकास के द्वार खुलने जा रहे हैं। औद्योगिक गलियारे के लिये बिजनौर तहसील क्षेत्र में भूमि चिन्हित कर ली गई है। लखनऊ से पहुंची यूपीडा की टीम ने चिन्हित भूमि को उपयुक्त माना है। क्षेत्रीय सांसद चंदन चौहान ने बिजनौर तहसील के सात गांवों की भूमि को उक्त परियोजना की पूर्ति के लिये पर्याप्त बताते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर उक्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चत करने को कहा था।

बता दें कि जनपद में एक हजार हैक्टेयर भूमि में औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाना है। इसके लिये प्रशासन ने बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर तहसील के गांवों में भूमि चिन्हित कर शासन को प्रस्ताव भेजा था। चिन्हित भूमि का भौतिक निरीक्षण करने के लिये कल यूपीडा की तीन सदस्यीय टीम बिजनौर पहुंची थी। जिसने बिजनौर तहसील के ग्राम यूसुफाबाद, किशनपुर, फिरोजपुर रतन, अलीपुर माखन, पपावर खुर्द व स्वहेड़ी खुर्द में चिन्हित भूमि को औद्योगिक गलियारे के लिये पर्याप्त और उपयुक्त माना है।

## यूपीडा की टीम ने चिन्हित भूमि को उपयुक्त माना



यूपीडा की टीम के साथ सांसद प्रतिनिधि विजय चौहान।



सांसद चंदन चौहान द्वारा डीएम को लिखा गया पत्र

सूत्रों के अनुसार औद्योगिक गलियारा शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे के पास विकसित किया जायेगा। यूपीडा की टीम ने जिस भूमि को उपयुक्त माना है, गंगा एक्सप्रेस-वे उसी के पास से निकलने की सम्भावना है। औद्योगिक गलियारा बनने से जिले के विकास को पंख लगने की सम्भावना है। यूपीडा की टीम के साथ सांसद चंदन चौहान के प्रतिनिधि विजय चौहान भी मौजूद रहे।

# जनगणना ड्यूटी लगाने में मनमानी, शिक्षकों को परेशानी

## शिक्षकों ने एडीएम को मांग-पत्र सौंप ड्यूटी में संशोधन कराने की मांग की

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान तथा जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार चौहान, मंत्री राहुल कुमार राठी व प्रशांत सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम श्रीमती वान्या सिंह से मिलकर शिक्षकों की जनगणना में लगाई गई ड्यूटी पर आपत्ति दर्ज कराई है। प्रतिनिधिमंडल की ओर से सौंपे गए मांग-पत्र में कहा गया है कि कई शिक्षकों की दूरस्थ क्षेत्रों में ड्यूटी लगा दी गई तथा कई दिव्यांग शिक्षकों व गर्भवती शिक्षिकाओं एवं चिकित्सा अवकाश पर चल रहे शिक्षकों की भी जनगणना में ड्यूटी लगा दी गई है। शिक्षकों ने बताया कि तहसील स्तर पर सुनवाई नहीं की जा रही है। दिनभर शिक्षक तहसीलों के चक्कर काटते रहे। पत्र में तहसील स्तर से मनमाने ढंग से लगाई गई ड्यूटी में संशोधन करने की मांग की गई है। शिक्षक संघ की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना को भी मांग पत्र सौंपा गया है। जनगणना के लिए शिक्षकों की ड्यूटी मनमाने ढंग से लगाए जाने से जिले के कई विद्यालय भी बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि तहसील स्तर पर मनमाने तरीके से लगाई जा रही ड्यूटी पर लगाम लगाए जाने की जरूरत है। मातृत्व अवकाश पर चल रही शिक्षिकाओं की ड्यूटी नहीं लगाई जानी चाहिए। विद्यालय से 20 से 25 किलोमीटर की दूरी पर ड्यूटी न लगाई जाए। प्रतिनिधिमंडल में जिला कोषाध्यक्ष असीम कुमार चौहान, अंबरीश कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, नितिन चौहान, धर्म सिंह, लवलेश कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

**दिव्यांग शिक्षकों व मातृत्व अवकाश पर चल रही शिक्षिकाओं को किया जाए ड्यूटी मुक्त**

# बसपा नेता के यहां पहुंचे सपा सांसद मोहिबुल्ला व पूर्व जज मनोज कुमार

## मरहूमा शमा महज़र को खिराज-ए-अकीदत पेश की

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** रामपुर के सपा सांसद मौलाना मोहिब्लह नदवी एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी व पूर्व जज मनोज कुमार बसपा के वरिष्ठ नेता रहे मरहूम अब्दुल समी के आवास पर पहुंचे, जहां अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन शेख मौ. जैद, सलीम अहमद (पेट्रोल पंप वाले) नसीम अहमद, शाहिद चमोला, इकबाल ठेकेदार आदि ने अतिथियों का खैरमखदम किया। सपा नेताओं ने मौ. जैद की वालिदा श्रीमती शमा महजर के इंतकाल पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। इस मौके पर इन



दोनों वरिष्ठ सपा नेताओं के साथ अमीर हमज़ा व मसूद हसन भी मौजूद रहे।

# स्योहारा पहुंचे सांसद इमरान मसूद



**स्योहारा (चिंगारी)।** सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद बुधवार की शाम स्योहारा पहुंचे। उन्होंने नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन शेख फैसल वारसी से मुलाकात की। चेयरमैन ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के बाद इमरान मसूद ने भाजपा सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गलत नीतियों के कारण जनता परेशान है। मसूद ने बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि नोएडा में मजदूर प्रदर्शन कर रहे हैं, बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है, और युवा डिग्री लेकर घूम रहे हैं। साथ ही, महंगाई चरम पर है और शिक्षा महंगी होती जा रही है, जिससे कारोबारी भी परेशान हैं। इस दौरान चौधरी फहीम उर रहमान, समाजसेवी फिरोज हैदर, नईम कुरैशी, वसीम मेंबर, फैसल हिलाल, तनवीर अहमद, मोहम्मद कासिम, वारिस खान, वली उर रहमान, फरमान खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**चेयरमैन फैसल वारसी ने किया स्वागत**

# तीन दिन तक फंदे पर लटका रहा युवक का शव

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बुधवार को कालागढ़ स्थित नई कॉलोनी में एक युवक का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामला फिलहाल रहस्य बना हुआ है। यह आत्महत्या है या हत्या, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राकेश पुत्र बुद्ध सेन (27 वर्ष) के रूप में हुई है। वह नई कॉलोनी के एसबी टाइप मकान नंबर 70 में अकेला रहता था। बताया जाता है कि उसके पिता सिंचाई विभाग कालागढ़ में कार्यरत थे, जिनका पूर्व में निधन हो चुका है। इसके बाद उसकी मां मृत आश्रित के रूप में विभाग में कार्यरत थीं, उनका भी देहांत हो गया। साथ ही उसका बड़ा भाई लंबे समय से जेल में बंद है और उस पर पत्नी की हत्या का आरोप है। सूत्रों के अनुसार जिस कमरे में युवक का शव मिला उसका दरवाजा खुला हुआ था, जिससे मामले में संदेह की स्थिति बन रही है। प्रथम दृष्टया घटना तीन से चार दिन पुरानी प्रतीत हो रही है, क्योंकि शव पूरी तरह सड़ चुका था और उसमें कीड़े चल रहे थे। बताया जा रहा है कि मृतक को तीन-चार दिन पूर्व कालागढ़ थाने में तैनात एक सिपाही बाइक पर बैठाकर पूछताछ के लिए ले गया था और बुधवार को उसका शव घर में फंदे से लटका मिला था।



मृतक राकेश का फाइल फोटो

### प्रतिदिन लड़कों के साथ पार्टी करता था

सूत्रों के मुताबिक मृतक प्रतिदिन कुछ लड़कों के साथ पार्टी करता था। साथ ही किसी महिला से उसके संबंध होने की बात भी सामने आई है, जिससे मामले में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस बीच कोई भी साथी उसका उससे मिलने नहीं आया, जो की और भी संदेह प्रकट करता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कालागढ़ संजीव ममगई ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सिपाही द्वारा मृतक राकेश को लगभग चार दिन पूर्व पूछताछ के लिए थाने लाने की बात को उन्होंने इनकार कर दिया।

# सीबीएसई हाईस्कूल का रिजल्ट आया बेटियों ने अंक वर्षा से जिला चमकाया


डीडीपीएस बिजनौर में रिजल्ट के बाद स्कूल टॉपर को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।


एएन इंटरनेशनल स्कूल में टॉपर छात्राओं को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य

**बिजनौर (चिंगारी)।** सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंकों की झड़ी लगा दी। खास बात यह रही कि बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया।





नहटौर स्थित साईं मिलेनियम पब्लिक स्कूल की छात्रा नंदिनी चौधरी ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल की गौरवी बजाज ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर की सिद्धि ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

लड़कों में मार्डन एरा पब्लिक स्कूल मंडावर के श्रेयांशु उपाध्याय ने 98.4 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉप किया। जिले के अन्य मेधावी छात्रों में अपार जैन (98.2 प्रतिशत), आराध्या सिंह (98 प्रतिशत), अवनी अग्रवाल (98 प्रतिशत) भी शामिल रहे।

जिले के कई प्रमुख स्कूलों- जैसे डीडीपीएस, दिल्ली पब्लिक स्कूल, मार्डन एरा और एमडी इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम लगभग शत-प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होने के बाद स्कूलों में जश्न का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राएं शिक्षकों से आशीर्वाद लेने पहुंचे और एक-दूसरे को फोन कर अपनी खुशी साझा की।

## दिलचस्प बदलाव दिखा

इस बार परीक्षा परिणाम में एक दिलचस्प बदलाव भी देखने को मिला, जहां सामान्यत: गणित और विज्ञान में अधिक अंक आते हैं, वहां इस बार हिंदी और अंग्रेजी जैसे विषयों में भी विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इस बार देहरादून रीजन का परिणाम भी बेहतर रहा है, जिसका सकारात्मक असर बिजनौर जिले में साफ दिखाई दिया। अब सफल विद्यार्थी आगे की पढ़ाई के लिए नई कक्षाओं में प्रवेश की तैयारी में जुट गए हैं।

### टॉपर सूची

| | | |
|---|---|---|
| नंदिनी चौधरी | - | 99.4 प्रतिशत |
| गौरवी बजाज | - | 99.0 प्रतिशत |
| सिद्धि | - | 98.6 प्रतिशत |
| श्रेयांशु उपाध्याय | - | 98.4 प्रतिशत |
| अपार जैन | - | 98.2 प्रतिशत |
| आराध्या सिंह | - | 98 प्रतिशत |
| अवनी अग्रवाल | - | 98 प्रतिशत |

# अपार जैन बने मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के टॉपर





**बिजनौर (चिंगारी)।** बुधवार को घोषित वर्ष 2025-26 के परीक्षाफल में नगर के मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर में कक्षा 10वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्तम रहा। विद्यालय टॉपर अपार जैन 98.2 प्रतिशत, द्वितीय तनिष्का 97.4 प्रतिशत, तृतीय नुपुर 96.8 प्रतिशत रहे। परीक्षाफल के परिणामस्वरूप एग्रीगेट में 90 प्रतिशत व 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 22 छात्र-छात्राओं अपार जैन 98.20, तनिष्का 97.40, नुपुर 96.80, वंश त्यागी 96.6, भानू पाल 93.60, मो.अब्दुल्ला अहसान 93.40, लायबा नूर 93.20, आयुष्मान 92.40, नैना सिंह 92.40, नमरा अमजद 92.20, आफिया हुसैन 91.80, हसन ताहा 91.40, सोहा अली जैदी 91.40, हर्षित सिंह 91, युगांशी भार्गव 91, अब्दुल रहमान 90.80, मानस शुक्ला 90.80, पीयूष कुमार 90.40, जिया बानिया 90.4, मालिया यूसुफ 90.40, अश्विन देशवाल 90, भाविक राज ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले अंग्रेजी विषय में अपार जैन व तनिष्का तथा एआई में नुपुर रहे। विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, प्रबंध समिति के समस्त सदस्यों एवं विद्यालय डायरेक्टर डा. सीमा विश्वास ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उत्तम सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# यश शर्मा रहे एससीएम एकेडमी के टॉपर


यश शर्मा प्रियंक राजपूत वैभव प्रताप

**हल्दौर (चिंगारी)।** सीबीएसई बोर्ड का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया, जिसमें नगर की शिक्षण संस्था एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी का परीक्षाफल इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के छात्र यश शर्मा टॉपर रहे हैं। परीक्षा परिणाम में छात्रों का जलवा रहा। बुधवार को आये परीक्षा परिणाम से विद्यालय के हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र यश शर्मा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रियंक राजपूत 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। छात्र वैभव प्रताप सिंह ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के बच्चों की उत्कृष्ट सफलता पर प्रबंध कमेटी के संजीव कुमार बैस, अमित सिंह, रवि राजपूत, प्रधानाचार्य रुचि अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य तबस्सुम परवीन ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया नाम रोशन


तन्वी कुमारी वासु गौरांग

**हल्दौर (चिंगारी)।** सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हल्दौर के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। वर्ष 2025-26 के परिणाम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जिसमें तन्वी कुमारी ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया है। 75 प्रतिशत अंक के साथ वासु ने दूसरा तथा 74 प्रतिशत अंक के साथ गौरांग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ ही चौथे स्थान पर दक्ष ने भी उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, इनकी सफलता इनके दृढ़ संकल्प, अनुशासित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार, प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी ने विद्यालय के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने ये भी बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा

# सानिया व रीतिका ने वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**किरतपुर (चिंगारी)।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में सत्यवती मेमोरियल एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम विद्यालय के लिए संस्थान की मेधावी छात्राओं सानिया अंजुम और रीतिका निर्वाल ने अपनी उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता के माध्यम से संयुक्त रूप से 94.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की वरीयता सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में, जयंत राजपूत ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराई है, जबकि पूर्वी रस्तोगी ने 94.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



प्रबंधन का मानना है कि यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों के अटूट परिश्रम को दर्शाता है, बल्कि इसमें शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय परिवार इन सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देता है और उनके उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगल कामना करता है

# रिजल्ट देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे




**मंडावर (चिंगारी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, मंडावर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। श्रेयांशु उपाध्याय ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हार्दिक राजपूत ने 98 प्रतिशत, महिमा चौधरी ने 98 प्रतिशत, कार्तिक राजपूत ने 96 प्रतिशत, प्रांजुल राजपूत ने 96 प्रतिशत, अभिनव प्रताप सिंह ने 96 प्रतिशत, मानवी राजपूत ने 94 प्रतिशत, अक्षिता राजपूत ने 94 प्रतिशत, तस्मिया सिद्दीकी ने 94 प्रतिशत व इशिका सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 30 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 08 से अधिक बच्चों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम देखकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत ने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दीं।


MAHIMA CHAUDHARY 98%



HARDIK RAJUT 98%

# अल्तमश बने क्रिसेंट स्कूल टॉपर




**चांदपुर (चिंगारी)।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस चांदपुर का सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र अल्तमश ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, साथ ही सामाजिक विज्ञान विषय में पूरे 100 अंक प्राप्त किए, वहीं रूहमा ने 84 प्रतिशत और सारा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सफल छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों एवं माता-पिता को दिया। रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नदीम बख्त, शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान व कक्षा अध्यापक ताजीम हाशमी ने अपने संबोधन में कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# ग्रेट इंडियन एकेडमी का रिजल्ट रहा उत्कृष्ट



**झालू (चिंगारी)।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में इस बार हाईस्कूल (कक्षा 10) का रिजल्ट घोषित होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई, जहां विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र सूर्यप्रताप सिंह 90.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहे, मोहम्मद जैद अंसारी ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे, मोहम्मद अरमान ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। इन मेधावी छात्रों ने कड़ी मेहनत और लगन का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। टॉप करने वाले छात्रों ने बताया कि नियमित पढ़ाई, सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास ही उनकी सफलता का मुख्य कारण रहा। स्कूल प्रबंधन गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मकुल शर्मा, उपप्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा एवं डीन ऑफ अकेडमी आयुष अग्रवाल और शिक्षकों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों में भी खुशी का माहौल देखा गया।

# हेजलमून स्कूल के टॉपर रहे सार्थक विद्यालय का रिजल्ट रहा शानदार


हेजलमून स्कूल टापर छात्र का मुंह मीठा कराती

**चांदपुर (चिंगारी)।** हेज़लमून स्कूल चांदपुर के सीबीएसई हाईस्कूल में छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व अपने परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय के होनहार छात्र सार्थक सिंह ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को टॉप किया। प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने बताया कि मोहम्मद हमज़ाने 96 प्रतिशत, आव्याराज 94.4 प्रतिशत, प्रियांशु पारिख ने 94.2 प्रतिशत तथा अबू हम्मास ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। आव्या राज ने AI में 100 व हिंदी में 98, सार्थक सिंह ने एसएसटी में 100 व इंग्लिश में 96, वर्णिका लांबा ने इंग्लिश में 96, मोहम्मद हमज़ा ने साइंस में 97 तथा अबू हमास ने हिंदी में 98 अंक प्राप्त करके अपनी मेहनत और लगन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल व निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का फल है।

# ग्रीन फील्ड स्कूल का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा




**किरतपुर (चिंगारी)।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल किरतपुरः का सीबीएसई की 10 वीं कक्षा का परीक्षाफल अतिउत्तम रहा। उवैद आलम ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरुजनों वः परिजनों का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त आर्यन ने 92.4 प्रतिशत, प्रिंयाशी ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या श्रीमती बीना भाटिया ने सभी उत्तीण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में ओम कुमार ने कराया विशाल कार्यक्रम

**नहटौर ( चिंगारी )।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार द्वारा सामाजिक समरसता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल रहे।

## भारी भीड़ देखकर गद्‌गद्‌ हुए प्रभारी मंत्री व अन्य भाजपा नेता



प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल को डा. भीमराव अम्बेडकर का चित्र भेंट करते हुए विधायक ओम कुमार।



कार्यक्रम में मौजूद जन समूह।

नगर के त्यागी इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब ने दबे-कुचले लोगों को सम्मान और उनके अधिकार दिलाने का काम किया। समानता का अधिकार दिलाया। भाजपा सरकार ने बाबा साहब सहित दलित महापुरुषों को सम्मान देने का काम किया है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने डॉ भीमराव अंबेडकर दलित महापुरुषों की प्रतिमाओं के सौंदर्यकरण करने का निर्णय किया है।

विधायक ओम कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए कार्यों को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा की बाबा साहब ने संघर्ष करके सभी को समानता का अधिकार दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शोभा रानी, भाजपा नेता सीपी सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर बिजेन्द्र सिंह, भाजपा नगराध्यक्ष वैभव गोयल, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, हिमांशु पाराशर, सिद्धांत जैन, कुणाल सिंह, राकेश सैनी, करण सिंह सैनी, पीयूष राजपूत, रंजीत चौधरी सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

**रागिनी से समां बांधा:-** प्रसिद्ध रागिनी गायक मंजीत मेहरा, सविता अम्बेडकर, तरुण बालियान ने रागिनी सुना कर उपस्थित जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। रागनियां सुनकर लोग झूम उठे। पंडाल खचाखच भरा हुआ था। भीड़ देखकर प्रभारी मंत्री एवं अन्य भाजपा नेता गद्‌गद्‌ नजर आये। लोगों ने जमकर तालियां बजाई। लोगों का कहना था कि बाबा साहेब की जयंती पर नहटौर में पहली बार इतना विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। दलित समाज के लोगों ने विधायक ओम कुमार की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मंत्री तिलक राज सैनी ने किया।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नाबालिक लड़की से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम रसूलपुर निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम के ही परमजीत पर आरोप लगाते हुए बताया कि जिस वक्त वह और उसकी पत्नी जंगल काम करने गए हुए थे, तब आरोपी उनके घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसकी नाबालिग बेटी को पकड़ कर कमरे में ले जाने लगा, जिसके शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ था। थानाध्यक्ष विजेंद्र राठी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## महिला शक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम - हरजिन्दर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने डाक बंगले में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र की मोदी सरकार संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल, जिसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से जाना जा रहा है, पेश कर रही है। हरजिंदर कौर ने कहा कि यह विधेयक महिला नेतृत्व को मजबूत बनाने के साथ-साथ शासन व्यवस्था को अधिक जनकेंद्रित बनाएगा। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह करोड़ों माताओं और बहनों के सम्मान से जुड़ा राष्ट्रीय संकल्प है। इस अधिनियम के लागू होने से महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे नीति निर्माण अधिक संवेदनशील और समावेशी होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, डॉ. मंजू सिंह, मनोरमा देवी, माया पाल, पूर्व प्रधान संजू सिंह, नेहा शर्मा, कृतिका राठी तथा मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग आदि उपस्थित रहे।

**'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'**

## निकाह में बवाल : पहली पत्नी के परिजनों का हंगामा, दूल्हा निकला चार बच्चों का बाप

**स्योहारा ( चिंगारी )।** फव्वारा चौक स्थित एक विवाह मंडप में बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब निकाह के दौरान दूल्हे की पहली पत्नी के परिजन मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई, जहां देर रात तक आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। नगर के फब्बारा चौक स्थित एक विवाह मंडप में हो रहा निकाह उस समय विवाद में बदल गया, जब दूल्हे की पहली पत्नी के परिजन अचानक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने दूल्हे की दूसरी शादी का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया, जहां एक-दूसरे पर आरोप लगाए गए। स्योहारा निवासी युवती का कहना है कि उसने दो साल पहले ही आरोपी से निकाह और कोर्ट मैरिज कर ली थी और बुधवार को उसकी रुखसती हो रही थी। उधर, पहली पत्नी पक्ष का आरोप है कि बिना जानकारी के दूसरी शादी की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

रैली को हरी झंडी दिखाते ब्लॉक प्रमुख व खंड शिक्षा अधिकारी।




**हल्दौर ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र हल्दौर से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका देवी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस रैली का आयोजन प्राथमिक विद्यालय हल्दौर प्रथम व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चों द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरक नारे लगाए। रैली का निर्देशन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका देवी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में नागेश कुमार, शशांक कौशिक सहित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से लोगों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और शिक्षा के महत्व को समझने का संदेश दिया गया। रैली ने क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लोगों में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ही आकर समाप्त हुई।

## मांग करो पूरी, श्रमिकों को मिले न्यूनतम मजदूरी - रवि



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने मजदूरों पर हो रहे अत्याचार और शोषण को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और मानेसर के औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों को न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी दी जा रही है और उनसे रविवार का अवकाश भी छीना जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब मजदूर अपने हक और अधिकारों की आवाज उठाते हैं तो सरकार और प्रशासन द्वारा उन्हें दबाने के लिए लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों का सहारा लिया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) मजदूर भाइयों के इस संघर्ष का पूर्ण समर्थन करती है। यूनियन की ओर से सरकार से मांग की गई है कि मजदूरों की सभी जायज मांगों को तुरंत स्वीकार किया जाए और गिरफ्तार किए गए मजदूर साथियों को अविलंब रिहा किया जाए।

## मोबाइल चार्ज करने के बहाने घर में घुसकर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ की

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मोबाइल चार्ज करने के बहाने घर में घुस आए युवक पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए छात्रा के पिता ने अफजलगढ़ पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना-पत्र में छात्रा के पिता ने बताया कि मंगलवार को वह, उसकी पत्नी व तीन बच्चे काम करने जंगल चले गए थे, जबकि गांव के ह एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 में पढ़ रही उसकी 13 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि ग्राम रसूलाबाद निवासी परमजीत उर्फ पम्मा मोबाइल चार्ज करने के बहाने उसके घर में घुस आया और लड़की को अकेला देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसका हाथ पकड़ कर कमरे में ले जाने लगा। लड़की के पिता का कहना है कि जब लड़की ने शोर मचाया तो वह आइंदा नहीं छोड़ने की धमकी देकर भाग गया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी परमजीत के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में दो और आरोपी गिरफ्तार

## एक नजीबाबाद का, दूसरा जैसलमेर का निवासी

**नांगल सोती (चिंगारी)।** जनपद पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी नजीबाबाद का, तो दूसरा आरोपी जैसलमेर (राजस्थान) का निवासी है। नजीबाबाद का आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किये गये आरोपी का मौसेरा भाई है।

ज्ञातव्य है कि जनपद में राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित होने का प्रकरण तब संज्ञान में आया था, जब 21 नवंबर, 2025 को एडवोकेट बालियान ने एक्स पर शिकायत की थी कि बिजनौर के नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर का निवासी मैजुल टेररिस्ट-इन-मेकिंग है तथा अत्याधुनिक रायफलों और हैंड ग्रेनेड के साथ इंस्टाग्राम लाइव करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक लाइव वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें मेरठ का आकिब एके-47 और हैंड ग्रेनेड का खुल्लम-खुल्ला प्रदर्शन करते दिखाई दिया था, मैजुल भी उसके साथ लाइव जुड़ा हुआ था।

थाना प्रभारी नजीबाबाद निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में हुई विवेचना के दौरान तथ्य सामने आये कि उक्त वीडियो में मैजुल पुत्र शौकीन मंसूरी निवासी ग्राम सौफतपुर थाना नांगल तथा आकिब खान पुत्र नासिर निवासी ग्राम सठला थाना मवाना, जनपद मेरठ के अलावा आजाद पुत्र मौ. नासिर निवासी मुकीमपुर जमाल उर्फ इनामपुरा थाना मंडावर तथा उवैद मलिक पुत्र रहीश निवासी मौ. शाहचंदन थाना चांदपुर (हाल निवासी टांडा माईदास थाना रायपुर सादात) लाइव मौजूद थे। अभियुक्त मैजुल लगभग तीन वर्षों से दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रहकर नाई का काम करता है तथा आकिब एवं आजाद सऊदी अरब में रहते हैं। इन तीनों के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी किये गये हैं। अभियुक्त उवैद मलिक तथा अन्य अभियुक्त जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है।




राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त गिरफ्तार अभियुक्त समीर उर्फ रूहान। गिरफ्तार अभियुक्त राजस्थान निवासी राजूराम गोदारा

बुधवार को पुलिस ने इस प्रकरण में एक अन्य वांछित अभियुक्त समीर उर्फ रूहान पुत्र कूड़े निवासी निकट सुल्ताना डाकू का किला, थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में समीर उर्फ रूहान ने बताया कि वह फरवरी, 2025 में रोजगार की तलाश में औरंगाबाद (महाराष्ट्र) गया था, वहां वह एक सैलून पर नाई का कार्य करता था। जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी पुत्र स्व. मौ. अकरम निवासी ग्राम बुलचंदपुर उर्फ मुंडाखेड़ा थाना नजीबाबाद उसका मौसेरा भाई है तथा उसी के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा उसकी पहचान मैजुल निवासी सौफतपुर से हुई थी। बाद में वह मेरठ के आकिब खान से व्हाट्सऐप ग्रुप में जुड़ा था। मैजुल व आकिब के द्वारा उसे दुष्प्रेरित कर अपनी कौम के लिये कार्य करने को कहा जाता था तथा काम के बदले रूपये देने की बात कही जाती थी, जो काम उसे बताये गये थे, उनमें समुदाय विशेष के वाहनों को जलाना, रेलवे ट्रैक को क्षति पहुंचाना शामिल था।

### पेशा नाई का, काम देश विरोधी

राष्ट्रविरोधी गतिविधियां संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार एक और अभियुक्त समीर उर्फ रूहान पेशे से नाई है। इससे पहले राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार हो चुके अभियुक्त उवैद मलिक, जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी तथा सादिक उर्फ डेविल भी पेशे से नाई हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रह रहा वांछित अभियुक्त (जिसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी हुआ है)। सौफतपुर (नांगल) निवासी मैजुल भी पेशे से नाई ही है। लोगों को बड़ा अचंभा है कि ये धूर्त बाल काटते-काटते अपने देश की जड़ों को भी काटने में लग गये।

### किरतपुर में दर्ज हुआ था गाड़ी जलाने का मुक़दमा

10 मार्च , 2026 को थाना किरतपुर पर निमिष रस्तोगी पुत्र अखिलेश रस्तोगी निवासी मौ. झंडा, किरतपुर की तहरीर पर उसकी गाड़ी संख्या यूपी 20 टी 1781 पर पेट्रोल डालकर आग लगा देने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के दौरान उक्त अपराध में अबूजर पुत्र शमीम निवासी मुहल्ला अफगानान, किरतपुर का नाम प्रकाश में आया, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विवेचना के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि अबूजर के साथ सोशल मीडिया ग्रुप (टेलीग्राम) के माध्यम से जैद पुत्र रहीश तथा मन्नान पुत्र अनीश निवासीगण मुहल्ला लुकमानपुरा, किरतपुर भी जुड़े हुए थे। उनका भी उक्त अपराध से सम्बन्ध पाये जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बुधवार को उक्त अपराध से सम्बन्धित अभियुक्त राजूराम गोदारा पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम दादूड़े वाला, थाना नासना, तहसील पोखरण, जनपद जैसलमेर, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में राजूराम गोदारा ने बताया कि जिस मोबाइल नंबर पर उक्त टेलीग्राम ग्रुप चल रहा था, वह मोबाइल नंबर ग्रुप एडमिन का था। राजूराम का मोबाइल नंबर, अभियुक्त जैद ने सैय्यद नाम से सेव कर रखा था। पुलिस का कहना है कि दोनों मोबाइल फोनों की विस्तृत जांच की जा रही है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।




## बाबा साहेब के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए: फुरकान खां

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जाफिर शाह के समीपुर स्थित आवास पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर पीडीए समाज की जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खां ने कहा कि बाबा साहब के जीवन व आदर्शों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। बाबा साहब ने सभी को समान अधिकार दिलाने का काम किया है। सपा के जलालाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष नफीस अहमद के संचालन में कार्यक्रम में जाहिद मकरानी, हाजी इम्तियाज, आफ्ताब राईन, जुल्फुकार जिल्लू, नीरज कश्यप, प्रगट सिंह, सतपाल कश्यप, राहुल सैनी, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## मधुर मेमोरियल स्कूल के होनहार छात्रों ने किया विद्यालय का नाम रोशन





**स्योहारा (चिंगारी)** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में मधुर मेमोरियल पब्लिक स्कूल स्योहारा का शानदार प्रदर्शन रहा। स्कूल ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा 10 वीं के बोर्ड परीक्षा रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10 के परिणामों में दिव्यांशी ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जारा ने 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, सक्षम भटनागर ने 89.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऋषभ कुमार ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया एवं जुबिया महबूब ने 83. 6 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। दिव्यांशी ने सामाजिक विषय में 100, हिंदी में 97, कंप्यूटर में 97, सक्षम भटनागर ने कंप्यूटर में 100, जारा सामाजिक विषय में 95, कंप्यूटर में 99, ऋषभ कुमार अंग्रेजी में 95 मार्क्स लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने अभिभावकों को दिया। प्रधानाचार्य मैराज उद्दीन एवं स्कूल के मैनेजर आलोक अग्रवाल एवं डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# नहर की पटरी की हालत अत्यंत खराब, राहगीरों को परेशानी

**बरुकी/बिजनौर (चिंगारी)। बरुकी नहर से खारी-झालू के बीच और नजीबाबाद के ग्राम सरवनपुर-कोतवाली रोड को जोड़ने वाली नहर की पटरी की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

नहटौर शाखा की यह नहर पटरी बिजनौर-मुरादाबाद रोड को पानीपत-खटीमा नेशनल हाईवे एवं हरिद्वार-नैनीताल हाईवे से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। लगभग 30 किलोमीटर लंबी इस पटरी का निर्माण हुए अभी कुछ ही समय बीता था कि एक वर्ष के भीतर ही यह जर्जर हो गई। इस मार्ग से होकर बिजनौर, किरतपुर और नजीबाबाद को बायपास करते हुए सीधे मुरादाबाद रोड तक पहुंचने वाले यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी रोजाना आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना रहता है। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। विभागीय लापरवाही के चलते वर्षों से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. विकुल मलिक, क्षेत्रवासी विकास कश्यप, अभिषेक कुमार, देशराज सिंह, वीर सिंह, ग्राम प्रधान पति सोनू पाल एवं भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से इस महत्वपूर्ण मार्ग की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेकर आमजन को राहत दिलाता है।



बदहाल स्थिति में सड़क

# बाबा साहेब द्वारा बताये मार्ग पर चलें - जयपाल सिंह

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर एवं क्षेत्र में डा. अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस मौके पर विचार गोष्ठी, भंडारा, प्रभातफेरी आदि का आयोजन किया गया। स्थानीय मोहल्ला बेगम सराय स्थित मां रमा बाई अंबेडकर सोशल क्लब के कार्यालय पर वफ़ा सोशल ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफ़ा की अध्यक्षता एवं क्लब के सचिव सीताराम पीपल्या अधिवक्ता के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी में पालिका सभासद मास्टर जयपाल सिंह ने कहा डॉ. अंबेडकर के बताये मार्ग शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो के पद पर चलकर स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है। विचार गोष्ठी में भाजपा नेता/नामित सभासद भीम सिंह रावत, विपिन कर्णवाल, जसवंत सिंह चौहान, अधिवक्ता रमेशचंद सैनी, दलित चिंतक रमेश रहासिया, चौधरी योगेश कुमार एडवोकेट, गौरव चौहान, विक्की पवार, आलोक, विश्वास, योगेश कुमार फौजी, अब्दुल समी सैफ़ी, मोहित पिपल्या, पूर्व पालिका सभासद सरोज देवी आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के मोहल्ला गोहर अली खान स्थित बारातघर पर डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरित किया गया। महिलाओं ने भजन कीर्तन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर रणजीत सिंह, मलखान सिंह, राजपाल सिंह, दीपक कुमार, उदय राज आदि मौजूद रहे। क्षेत्र के ग्राम अल्यारपुर, शिवपुरी हीरापुर गोकल, नारायनवाला, हिदायतपुर, रसूलपुर आबाद, कादराबाद आदि ग्रामों में डॉक्टर अंबेडकर जयंती पर प्रभातफेरी, जुलूस आदि शांतिपूर्वक संपन्न हुए।



# तंत्र-मंत्र के नाम पर पांच लाख की ठगी

**शेरकोट (चिंगारी)। नगर के एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर तंत्र-मंत्र क्रिया के नाम पर ब्लेकमैल कर पांच लाख बीस हजार रुपए की ठगी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला नोधना निवासी सलीम अहमद ने तहरीर में बताया कि लगभग 6 वर्ष पूर्व कोविड के दौरान उसके परिवार के कई सदस्य बीमारी के कारण मानसिक रूप से परेशान थे। इस दौरान उन्हें किसी ने नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम बेगराजपुर निवासी असलम को तंत्र क्रिया में माहिर बताते हुए उससे मिलने की सलाह दी। जब वे असलम, उसके पुत्र मूसा, पुत्री सरताज से मिले तो इन्होंने उसकी समस्याओं को तंत्र-मंत्र क्रिया से दूर करने का भरोसा दिलाया और सलीम के घर आना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने तंत्र-मंत्र क्रिया करते हुए एक लाख बीस हजार रुपए ऐठ लिए। इसके बाद से आरोपी परिवार को मौत के घाट उतारने की धमकियां देते हुए ब्लैकमेल कर रहे हैं और कई बार में चार लाख रुपए और ले चुके हैं। पीड़ित के मुताबिक आरोपी अब उससे 50-60 लाख रुपए की कीमत के प्लाट को अपने नाम करने के लिए दबाव बनाते हुए धमकियां दे रहे हैं। पुलिस ने असलम, मूसा, सरताज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

# दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित की

## बिजनौर के विवेक शर्मा हैं सिंजेंटा कम्पनी में अंतरिम प्रबंधक

**नांगल सोती (चिंगारी)।** मध्य प्रदेश के रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव में मानवीय संवेदनाओं को तरजीह देते हुए वैश्विक कम्पनी सिंजेटा के अंतरिम प्रबंधक विवेक शर्मा ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को बड़ी संख्या में ट्राइसाइकिल वितरित कीं। विवेक शर्मा मूल रूप से जनपद बिजनौर के निवासी हैं। ज्ञातव्य है कि सिंजेंटा एक वैश्विक कृषि प्रौद्योगिकी कम्पनी है, इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के बेसल में तथा भारतीय मुख्यालय पुणे में स्थित है। बैटरी चालित ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में बड़ी मदद मिलेगी। 600 ट्राइसाइकिलें वितरित की गयीं। सिंजेंटा कम्पनी के अंतरिम प्रबंधक विवेक शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान उनके लिये प्रेरणा के स्रोत हैं।



दिव्यांगजनों के साथ विवेक शर्मा

# भ्रष्टाचार विरोधी मंच ने किया बाबा साहेब को नमन

**बिजनौर (चिंगारी)।** भ्रष्टाचार विरोधी एवं प्रगतिशील विचार मंच ने भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। जाटान भगवती मन्दिर के निकट मंच के कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सुभाष भंडारी ने तथा संचालन गीतकार के.के. रंजन ने किया। सभा में मुख्य अतिथि सरोवरलाल सोढी (मैनेजर पीएनबी भनेड़ा) रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सभा को कीर्ति शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब किसी एक जाति या वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि सभी के प्यारे हैं। उन्होंने संविधान में सभी को बराबर का हक दिया है। वंचितों और नारी शोषण के अधिकारों के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया है, वह अस्मरणीय है। चतुर्थ श्रेणी महासंघ के जिला अध्यक्ष भवरसिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि 'अछूत' होने के कारण उन्होंने जो यातना सही, वह जानकर बहुत दुख होता है, मगर उन्होंने शिक्षा नहीं छोड़ी। संचालन के बीच-बीच में केके रंजन द्वारा सुनाए शेर और गीतों को भी बहुत पसंद किया गया, आशाराम भारती ने अपने संबोधन कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज प्रगति मिल सकती है। राष्ट्रीय क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र सोढी ने कहा कि बाबा साहेब ने जो महामंत्र 'शिक्षा संगठन और संघर्ष' दिया है, उसे हमेशा याद रखना होगा। सभा को डा. यादराम सिंह, काव्या, रमेश मित्रा, भवरा, राहुल, प्रतीक कुमार, इंद्रा रंजन, ऊषा देवी, डीके शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।



# झालू में धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**झालू (चिंगारी)।** नगर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गयी। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की शोभायात्रा बैंडबाजे और डीजे सहित सुंदर-सुंदर आकर्षक झाकियों के साथ हर्षोल्लास से निकली। मंगलवार दोपहर बाद अपने परम्परागत स्थानों से शुरू हुई शोभायात्रा मुख्य मार्गो से होती हुई निकली, जिसमें डीजे स्पीकर की धुन पर युवा जमकर नृत्य कर रहे थे। शोभायात्रा में भीमराव अंबेडकर, भारत का संविधान, कलाकारों द्वारा नृत्य आदि सहित कई मनभावनी झाकियां साथ चल रही थीं तथा युवा जय भीम के नारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा के साथ झालू चौकी प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहा। वहीं नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी द्वारा छतरी वाला कुआं के निकट शोभायात्रा में शामिल लोगों को माला पहनाकर सभी से गले मिलकर व सूक्ष्म जलपान कराकर स्वागत किया गया। इसके अलावा पुरानी घासमंडी के निकट भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता व शिवम एडवोकेट ने भी बाबा साहेब की जयंती की शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों को माला पहनाकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की।



# सांसद चन्द्रशेखर ने गंदे पानी का मुद्दा उठाया

## प्रशासन हरकत में आया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा खेतों में डाले जा रहे नगर पालिका के गंदे पानी का मुद्दा उठाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। कल नगर पालिका और जल निगम के अधिकारी आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा के साथ मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। शहर का गंदा पानी खेतों में भरा पाया गया, जिससे फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। मौके पर मौजूद जल विभाग के एई बृजमोहन और जेई यशवंत कुमार ने बताया कि किरतपुर में पानी की निकासी के लिए अगले महीने से कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए सूर्य इंटरनेशनल कंपनी को टेंडर जारी किया जा चुका है। योजना के तहत कस्बे में अंडरग्राउंड सीवर पाइप लाइन डाली जाएगी तथा मंडावर रोड पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा। ट्रीटमेंट के बाद पानी को नदी में छोड़ा जाएगा। असपा के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा ने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है, ऐसे में यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो किसानों को फिर नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के लिपिक हसन मुस्तफा, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। सांसद चंद्रशेखर आजाद के इस प्रयास की नगर में सराहना की जा रही है।

# गोल्डन बैल्स स्कूल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



**स्योहारा ( चिंगारी )।** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10 का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10 के विद्यार्थी हार्दिक अग्रवाल 92 प्रतिशत प्रथम, नव्या 88 प्रतिशत द्वितीय तथा अकमल 87 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और सीनियर कोर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। विद्यालय परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आरिफ, सीमा, दिशा, गौरव, विनीत, अनुज आदि समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।




होनहार छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई देतीं प्रधानाचार्या

# शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**नगीना ( चिंगारी )।** एलआरएस एकेडमी के सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रबंधक संजीव अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय के कुल 114 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे। उन्होंने बताया कि विद्यालय की मेधावी छात्रा पावनी जैन ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त शिवा ने (97 प्रतिशत), शुभ अग्रवाल (96.8 प्रतिशत), भाविक (96 प्रतिशत), फरीना (94 प्रतिशत), मानवी (92.6 प्रतिशत), मायशा (91.2 प्रतिशत), आदिति (90.2 प्रतिशत) तथा अदीला अंजुम (90 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# बिजली का तार टूटकर गिरने से फसल जली

**पैजनिया ( चिंगारी )।** गांवड़ी पोट्टा में हाई टेंशन लाइन का तार एक किसान के खेत में गिरने से दो बीघा गेंहू की फसल आग से जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान ने सरकार से फसल के मुआवजे की मांग की है। गांवड़ी पोट्टा निवासी बृजेश शर्मा का खेत गांव के बाहर है। बृजेश के खेत से उच्च क्षमता की विद्युत लाइन गुजर रही है। बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज हवा से उच्च क्षमता की लाइन का तार टूटकर अचानक बृजेश के खेत में जा गिरा तथा तार से उठी चिंगारी से खेत में कटी पड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। तार टूटते ही आसपास काम कर रहे किसानों में भगदड़ सी मच गई। पीड़ित ने विद्युत विभाग से फसल के मुआवजे की मांग की है।

# 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी नमरा

**शेरकोट ( चिंगारी )। बुधवार को सीबीएसई हाईस्कूल के घोषित हुए रिजल्ट में नगर के आल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नमरा शहरीन ने 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त जानकारी स्कूल प्रबंधक मौ. शादाब ने देते हुए बताया कि छात्र समीर बहार आलम ने परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय और तलहा जाहिद व मौ. सुबहान 76 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में तृतीय स्थान पर रहे। मौ. शादाब ने परीक्षा पास करने वाले स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।**



# टिंकू कुमार बने तहसीलदार

## एलडीआर स्कूल में हुआ सम्मान समारोह




**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल एल.डी.आर. पब्लिक स्कूल, किरतपुर के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब विद्यालय के पूर्व छात्र टिंकू कुमार का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPCS) परीक्षा में 181वीं रैंक प्राप्त कर तहसीलदार के पद पर चयन हुआ। उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक अनिरुद्ध गोयल एवं दिव्यांशु गोयल ने टिंकू कुमार एवं उनके परिवारजनों को शॉल ओढ़ाकर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन कुमार ने उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने टिंकू कुमार की सफलता को सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए विद्यार्थियों से उनसे सीख लेकर अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान टिंकू कुमार ने अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को सफलता के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताते हुए सभी छात्रों को प्रेरित किया।

# सीओ व रेंजर से वार्ता के बाद किसानों का आंदोलन स्थगित



सीओ व रेंजर को ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) के बैनर तले गत 7 अप्रैल से अफजलगढ़ स्थित डाक बंगले पर चल रहा किसानों का धरना पुलिस एवं वन विभाग के सीओ, एसओ व रेंजर से हुई बातचीत के बाद स्थगित कर दिया गया है। बुधवार की देर शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी एवं अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर किसानों के बीच धरने पर पहुंचे और उनसे आंदोलन समाप्त करने को लेकर बातचीत की। किसानों की ओर से वार्ता में मौजूद भाकियू (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान व ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे, जिन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए किसान नेता मदन राणा के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने, क्षेत्र में गुलदार के बढ़ते आतंक पर अंकुश लगाने, क्षेत्र में गुलदार का रेस्क्यू सेंटर बनवाने, गेहूं क्रय केंद्रों को सुचारू ढंग से चलवाने और बिजली के स्मार्ट मीटर सहित अधिक आ रहे बिलों की समस्या को समाप्त कराने की मांग रखी, जिस पर अधिकारियों ने निष्पक्ष व न्यायोचित कार्यवाही का भरोसा दिया। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया कि अधिकारियों के आश्वासन पर धरना प्रस्तावित महापंचायत एवं सीओ दफ्तर के घेराव को स्थगित कर दिया गया।

# जसपुर में महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को विधायक एवं पूर्व विधायक के समर्थक भिड़े

**जसपुर (चिंगारी)।** नगर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक एवं पूर्व विधायक के समर्थक आमने सामने आ गए। मूर्ति की स्थापना को लेकर दोनों पक्षों में जमकर बोलचाल हुई और धक्का मुक्की की नौबत आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप कर बामुश्किल हालात संभाले और दोनों पक्षों को शांत कराया। मौके पर पुलिस तैनात है। विधायक पक्ष रानी लक्ष्मीबाई और पूर्व विधायक पक्ष महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाने पर अड़े रहे। पालिका प्रशासन द्वारा प्रतिमा लगाने के मामले में एक सप्ताह में निर्णय देने के आश्वासन पर लोग शांत हुये। बता दें कि ठाकुर मंदिर के पास मुख्य चौराहे पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय लोगों की शिकायत पर पालिका प्रशासन ने दो साल पहले अतिक्रमण हटवाया था। इस स्थान पर स्थानीय लोगो एवं ब्राह्मण समाज की मांग पर विधायक आदेश चौहान, क्षत्रिय समाज ने कार्यक्रम कर महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने का पालिका प्रशासन को पत्र दिया था। इसके बाद अग्रवाल सभा ने भी यह कहते हुए एक पत्र दिया कि इस स्थान के आसपास अग्रवाल समाज के काफी लोग निवासरत है। इसलिए महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा को लगाया जाए। दोनों पत्रों पर नगर पालिका ने अपनी रिपोर्ट देते हुए डीएम को स्थिति से अवगत कराया। डीएम ने चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी। लेकिन कमेटी ने क्या रिपोर्ट दी इसकी



बहस करते विधायक और पूर्व विधायक के समर्थक।

जानकारी किसी को नहीं हुई। बुधवार को विधायक आदेश चौहान समर्थकों संग मौके पर पहुंचे तथा निर्माण कार्य के लिए खुदाई शुरू करा दी। इस बीच पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल अपने अग्रवाल समाज के लोगों और भाजपाइयों संग मौके पर पहुंच गए और महारानी लक्ष्मीबाई मूर्ति की स्थापना का विरोध करने लगे। विरोध करते ही दोनों पक्षों में जमकर बहस हुई। इसी दौरान कुछ लोग विरोध करते हुए सड़क पर बैठ गए। उधर जगह की खुदाई को लेकर विधायक एवं पूर्व विधायक तथा उनके समर्थक आपस में भिड़ गए। आरोप है कि इस बीच धक्कामुक्की भी की गई। दोनों पक्षों में मामला बढ़ने से पहले ही पुलिस ने उन्हे समझाया। ईओ उदयवीर सिंह ने मामले में एक सप्ताह में निर्णय देने की बात पर दोनों पक्ष शांत हो गए। विधायक ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने देश के लिए बलिदान दिया है, उनकी प्रतिमा लगने से मातृ शक्ति को प्रेरणा मिलेगी। लिहाजा प्रतिमा लगाने को उन्होंने सबसे पहले पत्र दिया था। मंगलवार को पीएम मोदी महिलाओं को बढ़ावा देने की बात कह गए है। जबकि स्थानीय भाजपाई रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा नही लगना देना चाहते है। पूर्व विधायक डा.शैलेंद्र मोहन सिंघल ने बताया कि इस स्थान के आसपास अग्रवाल समाज के काफी लोग रहते है। उन्होंने भी महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाने को शासन प्रशासन को पत्र दे रखा है। लोग अनुमति के इंतजार में है।

# जसपुर नगर पालिका ईओ पर बीस हजार का जुर्माना

**समय से पूर्ण सूचना ना देने पर राज्य सूचना आयुक्त ने की कार्रवाई**

**जसपुर (चिंगारी)।** स्थानीय निवासी एक ग्रामीण को सूचना समय से न देने पर राज्य सूचना आयुक्त ने पालिका अधिशासी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही समय से जुर्माना न जमा करने पर निदेशक शहरी विकास निदेशालय को जुर्माना वसूलने के आदेश किये हैं। ग्राम भगवन्तपुर निवासी धनंजय चौधरी ने लोक सूचना अधिकारी नगर पालिका से सूचना मांगी थी। पालिका के लोक सूचना अधिकारी अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह द्वारा नियमानुसार समय से पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई तथा अपूर्ण सूचना जारी तिथि के दस दिन बाद डिस्पैच की गई। लिहाजा धनंजय चौधरी ने मामले में राज्य सूचना आयुक्त के यहां अपील कर दी। राज्य सूचना आयुक्त कुशल नन्द ने मामले की सुनवाई कर लोक सूचना अधिकारी नगर पालिका के ईओ उदयवीर सिंह पर बीस हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया।

# प्रीति चौधरी बनी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

**जिला जज ने स्थानांतरित होकर आए न्यायिक अधिकारियों को सौंपा कार्यभार**

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय कुमार ने स्थानांतरित होकर आए न्यायिक अधिकारियों को अलग अलग न्यायालयों का कार्यभार सौंप दिया है। प्रशांत मित्तल को प्रथम अपर जिला जज,सुनील कुमार सिंह को विशेष सत्र न्यायाधीश (एस टी एस टी एक्ट) और प्रीति चौधरी को सी जे एम बनाया गया है।

जिला जज कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बिजनौर में ही तृतीय अपर जिला जज प्रशांत मित्तल को प्रथम अपर जिला जज, सुनील कुमार सिंह को विशेष सत्र न्यायाधीश (एस सी एस टी एक्ट), लोकेश कुमार नागर को अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, श्रीमती सीमा वर्मा को विशेष सत्र न्यायाधीश (ई सी एक्ट), अलका चौधरी को विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट, शहजाद अली को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश द्वितीय, कमल दीप को प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश, स्वाति वर्मा को सिविल जज जूनियर डिविजन, प्रीति चौधरी को सी जे एम, नीतीश कुमार सिन्हा को सिविल जज सीनियर डिवीजन, नरेंद्र सिंह सी जे एम को प्रथम अपर सी जे एम, संजीव कुमार त्रिपाठी को लघुवाद न्यायाधीश, स्वाति चंद्रा को ए सी जे एम द्वितीय, देवेश त्रिपाठी को सिविल जज सीनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट,अजय कुमार ए सी जे एम द्वितीय को अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वितीय, आशीष तिरानिया को एसीजेएम तृतीय, श्रीमती विजय लक्ष्मी यादव अपर सिविल जज सीनियर डिविजन तृतीय, अंजालीका प्रियदर्शिनी को प्रथम अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन, मयंक सिंह को अपर सिविल जज जूनियर डिविजन कोर्ट नंबर आठ, यतेन्द्र पाल सिंह को सिविल जज जूनियर डिविजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय तथा सुभाष को नगीना में द्वितीय अपर सिविल जज बनाया गया है।

# अकबर की हिम्मत के आगे गुलदार के पसीने छूटे

**नींदडू (चिंगारी)।** जंगल में गन्ने की सिंचाई कर रहे एक किसान ने हमलावर गुलदार को अपनी बाहों में ऐसा जकड़ा कि स्वयं गुलदार को उल्टा अपनी जान बचानी भारी पड़ गई। मदद को पहुंचे अन्य किसानों के ट्रेक्टर की लाइट से घबराया गुलदार किसान की बाहें ढीली होते ही छूट कर ऐसा भागा जैसे यह कह रहा हो कि जान बची तो लाखों पाए लौट के बुद्धू घर को आए। जी हां, यह सच्ची घटना थाना धामपुर थानांतर्गत समीपवर्ती ग्राम अथाई शेख की है, जहां मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे बस्ती के निकट दिलशाद प्रधान व बिलाल के जंगल में गन्ने के खेतों में सिंचाई करने अकेला अकबर पुत्र महमूद (50 वर्ष) पहुंच गया। जब वह बैठा बीड़ी पीने लगा तभी एक छोटे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया, मगर अकबर बिल्कुल नहीं घबराया और सामने से हमला होते ही गुलदार को अकबर ने अपनी बाहों में जकड़ लिया। हालांकि गुलदार के पंजों के नाखूनों से अकबर काफ़ी घायल हो गया, मगर अकबर ने



हिम्मत नहीं छोड़ी और तब तक बाहों में जकड़े रखा, जब तक मदद को बिलाल व मौहम्मद ट्रेक्टर से न पहुंचे। ट्रेक्टर की लाइट पड़ते ही और अकबर की बाहें ढीली पड़ते ही गुलदार छूटकर भाग गया। गुलदार के पंजों से घायल अकबर ने बताया कि उसने यह सोच लिया था कि घबराने से यह नहीं छोड़ेगा, मरना तो है ही, क्यों ना प्रयास जारी रखा जाए।

घटनास्थल पर पहुंचे बिलाल व मौहम्मद ने बताया कि जब वह वहां पहुंचे, तो अकबर ने हमसे कहा कि तुम भाग जाओ मगर हमने भी अकबर की हिम्मत देख हौंसला नहीं छोड़ा और गुलदार को ललकारा। एक सीधे सादे किसान अकबर की हिम्मत की जितनी भी सराहना की जाए कम है, वरना गुलदार को देखते ही अच्छे-अच्छों के पसीने छूट जाते हैं। यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ओवर रेटिंग की शिकायतें मिलने पर शराब की दुकानों पर छापा

**नैनीताल (चिंगारी)।** जनपद नैनीताल के हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत संचालित देशी व विदेशी मदिरा दुकानों से लगातार प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा आबकारी विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बुधवार को आबकारी विभाग की टीम हल्द्वानी द्वारा देशी मदिरा दुकान काठगोदाम, नैनीताल रोड, तिकोनिया, लोहरियासाल व अन्य देशी मदिरा दुकानों के साथ ही विदेशी मदिरा दुकान काठगोदाम, नैनीताल रोड, तिकोनिया, कुसुमखेड़ा व अन्य कुल 12 मदिरा की दुकानों में छापेमारी कार्यवाही करते हुए गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाई गई, जिसमें स्टॉक रजिस्टर न भरा जाना, सीसीटीवी कैमरा ऑफ पाया जाना, मदिरा के नये रेटों का अंकन रेट लिस्ट में न पाया जाना आदि कमियां पाई गई, जिस पर दुकानों के चालान की कार्यवाही की गयी और प्रशमन हेतु कार्यवाही की संस्तुति जिला आबकारी अधिकारी, नैनीताल के समक्ष प्रस्तुत की गयी है। इस दौरान सभी मदिरा दुकान विक्रेताओं और अनुज्ञापियों को सख्त निर्देश दिये गये कि निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा की बिक्री करें एवं अन्य अनियमितताओं को तत्काल ठीक करें, अन्यथा पुनः चालानी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। निरीक्षण टीम में आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट उप आबकारी निरीक्षक कैलाश चंद जोशी एवं प्रधान आबकारी सिपाही चंद्रशेखर कांडपाल उपस्थित रहे।

# टेलीमेडिसिन सेवा ने बदली शहर से गांवों तक इलाज की तस्वीर

## सुदूर पहाड़ों में भी पहुंची एम्स की स्वास्थ्य सेवा

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से उत्तराखंड के सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों तक स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराकर मील का पत्थर स्थापित किया है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान संस्थान ने न केवल प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पंहुचाना अपना लक्ष्य बनाया अपितु तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों को भी दूर करने में प्राथमिकता बरती।

घर बैठे चिकित्सा परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एम्स ने कोविड काल से पूर्व वर्ष 2018 में टेलीमेडिसिन सेवा की शुरूआत की थी लेकिन 5 अगस्त 2023 को संस्थान में




'डिपार्टमेन्ट ऑफ टेलीमेडिसिन एण्ड बायोमेडिकल इन्फॉर्मेटिक' की स्थापना होने के बाद इसके लिए एक अलग विभाग गठित कर दिया गया। बतादें कि टेलीमेडिसिन सेवा के तहत संस्थान द्वारा टेलि-एजुकेशन और टेलि-परामर्श दो अलग-अलग स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित की जाती हैं। पिछले 3 वर्षों के दौरान अभी तक 46 हजार 189 से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा चुके हैं।

### ऐसे मिलेगा सेवा का लाभ

टेलि कंसल्टेशन के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर कुछ महत्वपूर्ण टेलिफोन नम्बर प्रदर्शित किये गए हैं। इन नम्बरों पर फोन कर स्वास्थ्य परामर्श लिया जा सकता है। इसके अलावा ई-संजीवनी पोर्टल का उपयोग कर वीडियो कॉल के माध्यम से भी विशेषज्ञों से परामर्श लेने की सुविधा संस्थान द्वारा संचालित की जा रही है।

### ये हैं फोन नम्बर

ट्रॉमा टेलीमेडिसिन टोल फ्री नंबर- 18001804278, इमरजेंसी टेलीमेडिसिन नंबर- 7060005829/ 0135-2462503, टेली मेडिसिन फॉलोअप नम्बर- 7302895044, आई बैंक नम्बर- 9068563883/0135- 2460835

### इन विभागों से मिल रहा स्वास्थ्य परामर्श-

एम्स ऋषिकेश की टेलीमेडिसिन सेवा द्वारा सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलाजी, बाल चिकित्सा सर्जरी, मूत्र विज्ञान, पल्मोनरी मेडिसिन, इ.एन.टी, एंडोक्रिनोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बर्न और प्लास्टिक सर्जरी, त्वचा विज्ञान, न्यूरोसर्जरी, आर्थोपेडिक्स, जनरल मेडिसिन, और मेडिकल आन्कोलॉजी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित स्तर पर स्वास्थ्य परामर्श देते हैं।

# भारत विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी गठित

## श्याम सुन्दर अध्यक्ष व प्रदीप अग्रवाल सचिव निर्वाचित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद की स्थानीय इकाई की वर्ष 2026-2027 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। कार्यकारिणी में श्याम सुंदर अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। इस संबंध में परिषद की बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष के साथ ही गोपाल बंसल को उपाध्यक्ष, प्रदीप अग्रवाल को सचिव, संदीप अग्रवाल को वित्त सचिव, राजेंद्र जखमोला को संरक्षक, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल को संगठन सचिव, रीता जखमोला को संयोजक संपर्क, पूनम नैथानी को संयोजक सेवा, निधि गुप्ता को संयोजक संस्कार, शीला कुकरेती को संयोजक व बीना मित्तल को संयोजक महिला सहभागिता चुना गया। वहीं मीनाक्षी शर्मा को प्रान्तीय संयोजक पर्यावरण पद का दायित्व सौंपा गया। नवनियुक्त अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि परिषद की ओर से इस वर्ष भी शीतल जल वितरण, गोवंश को चारा वितरण, भारत को जानो प्रतियोगिता, समूहगान प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जांच शिविर, सामूहिक सरल कन्या विवाह, गुरूवन्दन छात्र अभिनंदन, वृक्षारोपण, स्थापना दिवस, महापुरूषों की जयन्ती, रक्तदान शिविर इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# महाविद्यालय ने कई प्रतियोगिता कराईं छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में भाषण, निबंध, पोस्टर व काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ विभाग प्रभारी डा. अजीत सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से माता सरस्वती एवं बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर डीएस नेगी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामाजिक बदलाव और समानता का प्रतीक है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। वहीं विभाग प्रभारी डॉ. अजीत सिंह ने बाबा साहेब के राजनीतिक दर्शन स्वतंत्रता समानता एवं बंधुता तथा सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर व्याख्यान देते हुए समाज में जातिगत भेदभाव समाप्त करने के उनके योगदान को रेखांकित किया। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जगदीश ने पहला, जिया परवीन ने दूसरा और दिव्या नेगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में शीतल पोखरियाल पहले, निहारिका दूसरे और संतोष तीसरे स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में शिवम रावत ने पहला, आशिनी मंमगाई ने दूसरा और अनुराग रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं काव्य प्रतियोगिता में जगदीश ने पहला व शीतल पोखरियाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# सीबीएसई की हाईस्कूल परीक्षा में कोटद्वार के विद्यार्थियों ने दिखाये दमखम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सीबीएसई की हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में कोटद्वार के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपना दमखम दिखाया है। परीक्षा परिणामों में हेरिटेज एकेडमी की अनन्या रावत ने 95, रूद्रांश आर्य ने 94.8, उत्तीर्णा अंथवाल व कृतिका ध्यानी ने 94.2, कबीर कुकरेती और मनमोहन अधिकारी ने 94, अर्चना ने 93.6, संस्कृति माहेश्वरी ने 93.2, रूद्रप्रताप सिंह ने 92 और गरिमा नेगी व दीप शिखा रावत ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं एवीएन पब्लिक स्कूल की हिमानी ने 97.2, तन्मय रावत ने 96.8, वैष्णवी और अनुज कुमार ने 96.6, साक्षी रावत और सोनाक्षी नेगी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इनके साथ ही विद्यालय के चार छात्रों ने 96, तीन छात्रों ने 95 और सात छात्रों ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। साथ ही महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के छात्र अभिमन्यु कुमार ने 96 प्रतिशत और साक्षी घिल्डियाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी की छात्रा अर्जली नेगी ने 96.4, अवनी चौहान ने 95, अक्षरा ने 94, शौर्य बलूनी ने 93 और प्रिया ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी स्कूलों के विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# छह नशेड़ी वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस किये निरस्त



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 06 वाहन सीज कर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की। थाना प्रभारी प्रदीप नेगी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत रैस ड्राइविंग, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट वाहन चलाना एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने जैसे नियमों के उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने केन्द्रीय विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं की जानकारी ली

## विद्यालय प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्थानीय किशनपुरी स्थित केंद्रीय विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने को लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, संसाधनों की उपलब्धता, व्यवस्थाओं की स्थिति एवं भावी आवश्यकताओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, ताकि विद्यालय को एक आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जा सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में कक्षा 1 से 6 तक नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या, कक्षाकक्षों तथा शिक्षकों की उपलब्धता, कार्यालय, शौचालय, बैठक कक्ष सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र भरा जाए, जिससे शिक्षण कार्य में निरंतरता एवं गुणवत्ता बनी रहे। बैठक में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सीसीटीवी कैमरे, डेस्क एवं इन्वर्टर की आवश्यकता रखी गई। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि आवश्यक बजट जिला प्रशासन स्तर से उपलब्ध कराया जाएगा तथा प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कहा कि विद्यालय परिसर में प्ले एरिया एवं चिल्ड्रन पार्क विकसित करने के लिए प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जायेगा। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या मनीषा मखीजा ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय का संचालन 12 जून 2025 से प्रारंभ हुआ है तथा वर्तमान में विद्यालय में शिवाजी, अशोक, टैगोर एवं रमन सदनों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कक्षाओं में पहुंचकर उन्होंने बच्चों से उनके सपनों और करियर लक्ष्यों पर भी चर्चा की। बैठक में नगर आयुक्त पी.एल. शाह, उपजिलाधिकारी संदीप कुमार और अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्भय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मिशन शक्ति फेस 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरुवार को एंटी रोमियो टीम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में टीम द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी साझा की गई। साथ ही विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति या समस्या के समय इन हेल्पलाइन नंबरों का नि:संकोच उपयोग करें। कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट वितरित कर नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराए गए। छात्राओं ने कार्यक्रम में रुचि लेते हुए कई प्रश्न पूछे, जिनका टीम द्वारा समाधान किया गया।







# डिलीवरी के दौरान महिला की मौत, डाक्टर पर लापरवाही का आरोप

### घर में चल रहे कथित अवैध क्लिनिक पर उठे सवाल, परिजनों ने किया हंगामा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर की महादेवपुरम कॉलोनी में डिलीवरी के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत से हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। ग्राम शहजादपुर नांगल सोती निवासी जोगेंद्र की गर्भवती पत्नी उषा (27 वर्ष) को महादेवपुरम कालोनी बिजनौर में एक घर में कथित अवैध रूप से चल रहे अस्पताल में डिलीवरी के लिये भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि यह उनका तीसरा प्रसव था। डिलीवरी के दौरान बच्चे का जन्म सुरक्षित हो गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के चलते महिला की मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि खुद को डाक्टर बताने वाली सुरेशना ने जबरन नार्मल डिलीवरी कराई। परिवार के अनुसार, वे बुधवार को गर्भवती महिला को इलाज के लिए वहां लेकर पहुंचे थे। गुरवार को डिलीवरी के दौरान कथित रूप से लापरवाही बरती गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि महिला एक साथ दो डिलीवरी करा रही थी। जबरदस्ती प्रसव कराने के चलते अधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे उषा की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया और संबंधित महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को शांत कराया। परिजनों की ओर से तहरीर दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## अग्निशमन सप्ताह के उपलक्ष्य में आग से बचाव के पम्फलेट वितरित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेशानुसार एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन मे तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के अंतर्गत प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद केएस. जादौन के द्वारा अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य मे थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ उपरोक्त थीम पर निम्नलिखित क्षेत्र के स्कूलों मे निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया एवं अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध मे आग से बचाव के विषय में जानकारी दी तथा छात्र एवं छात्राओं को अग्निशमन उपकरण चलाने के विषय में भी बताया गया तथा अवगत कराया कि आग लगे तो घबराएं नहीं हादसे की शीघ्र सूचना फायर सर्विस को दें, तथा आग से बचाव के पम्फलेटो का वितरण विद्यालय मे किया गया, जिसमें ग्रीन लाइट सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल नांगल, कुंदन सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल साहनपुर, ग्लोबल वालिया एकेडमी, मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल शामिल रहे।

